# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 22 जून 2026


**छात्रों को भारत के सिस्टम पर भरोसा**



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि छात्रों को भारत के सिस्टम पर भरोसा है और आगे भी रहेगा। पिछली परीक्षा से जुड़े विवाद के बाद अधिकारियों ने इस बार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे।






## मप्र के 283 केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच बिना किसी बिघ्न के हुई नीट-2026 पुर्नपरीक्षा

# 3 मई को सिस्टम से टूटा था 'भरोसा'...21 जून को 'बना'

*सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई और शाम 5:15 बजे के तक चली। प्रदेशभर में करीब 1.18 लाख विद्यार्थी शामिल हुए*



छात्रा की कान की बाली उतरवाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पेपर लीक के कारण निरस्त की गई नीट-2026 पुर्नपरीक्षा रविवार को भोपाल, इंदौर सहित प्रदेशभर के करीब 31 जिलों में बनाए गए 283 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हुई। इससे विद्यार्थियों का एनटीए पर फिर भरोसा बहाल हो सका। बीती 3 मई को हुई परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। परीक्षा निरस्त हो गई थी। तब से सभी विद्यार्थी सदमे में थे। 21 जून को सीआरपीएफ की टुकड़ी की निगरानी में पेपर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए गए। इस दौरान कड़े नियमों और समय की पाबंदी के कारण कई केंद्रों पर भारी अफरा-तफरी और भावुक कर देने वाले नजारे देखने को मिले। केंद्रों पर सुबह 9 बजे से ही विद्यार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। 11 बजे के बाद थ्री लेयर जांच के बाद एंट्री शुरू हुई। इस दौरान केंद्रों ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

**थ्री लेयर जांच के बाद मिली एंट्री**

1. दस्तावेजों की जांच
2. मेटल डिटेक्टर से स्क्रीनिंग
3. बायोमीट्रिक सत्यापन



सुभाष स्कूल के सेंटर में भारी भीड़

***कलावा, चेन-धातु के बटन भी निकाले, नथ, टॉप्स और अन्य आभूषण भी उतारने पड़े***

***भोपाल के 32 केंद्रों पर 12 हजार 303 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा***

### 20-30 सेकंड लेट हुए तो नहीं मिला प्रवेश

एनटीए की गाइडलाइन के अनुसार दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। ऐसे में कुछ सेकंड की देरी से पहुंचे विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। वहीं, भोपाल सहित प्रदेश के कुछ केंद्रों पर विद्यार्थियों के गलत परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के मामले भी सामने आए। जब वे सही केंद्र ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पेपर देकर बोले : फिजिक्स-केमिस्ट्री ने दी चुनौती**

परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए विद्यार्थियों ने पेपर पिछले एग्जाम की तुलना में अधिक कठिन बताया। विद्यार्थियों ने कहा कि फिजिक्स और केमिस्ट्री ने सबसे ज्यादा चुनौती दी। उनके मुताबिक फिजिक्स सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रही, जबकि केमिस्ट्री का स्तर भी अपेक्षाकृत कठिन था। वहीं, बायोलॉजी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### एयरपोर्ट पर 45 मिनट इंतजार करते रहे पीएम

नीट परीक्षार्थियों की सुविधा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक विशेष पहल की जानकारी सामने आई है। बंगाल के दौरे पर गए पीएम मोदी दिल्ली पहुंचने के बाद कुछ देर तक एयरपोर्ट पर ही इंतजार करते रहे। पीएम मोदी को अपने आवास पर जाना था लेकिन उसी दौरान परीक्षार्थियों के आने-जाने का समय हो चुका था। ऐसे में पीएम एयरपोर्ट पर ही रुके रहे।



## देश में 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, मंत्री प्रधान निगरानी करते रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

परीक्षा में करीब 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और लीक-मुक्त बनाने के लिए इस बार सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए थे। खुद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सीसीटीवी कैमरों के जरिए ओखला स्थित एनटीए मुख्यालय से हर सेंटर पर सीधी निगरानी रख रहे थे। 2 लाख से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से होने वाली नकल को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर 51,311 जैमर्स लगाए गए थे। उम्मीदवारों की सही पहचान सुनिश्चित करने के लिए 38,798 फ्रिस्किंग कर्मी और 48,448 बायोमीट्रिक ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कहीं राहत तो कहीं हंगामा

9 टूटी पसलियां, फेफड़ों में चोट और ऑक्सीजन सपोर्ट

### अस्पताल की ड्रेस में परीक्षा देने पहुंची सृष्टि

**शिक्षा मंत्री ने कराए खास इंतजाम**



1

**कोलकाता।** कोलकाता की सृष्टि दुबे नीट परीक्षा से ठीक एक हफ्ता पहले 14 जून को एक भयानक सड़क हादसे का शिकार हो गईं, जिसमें उनकी 9 पसलियां टूट गईं और फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचा। सर्जरी के बाद कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहने के बावजूद सृष्टि ने डॉक्टर बनने का अपना सपना नहीं छोड़ा। उन्होंने अस्पताल के बिस्तर से ही परीक्षा देने की इच्छा जताई। बेटी के इस हौसले को देखकर उनके पिता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई। अनुरोध किया कि सृष्टि अस्पताल की ड्रेस और आवश्यक मेडिकल सपोर्ट के साथ परीक्षा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### हिजाब पहनकर पहुंची छात्र, चेकिंग के नाम पर एंट्री रोकने पर हंगामा, फिर मिला प्रवेश

2



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में नीट परीक्षा के दौरान सावित्री स्कूल परीक्षा केंद्र पर हिजाब और बुर्के को लेकर बड़ा विवाद सामने आया। सुरक्षा जांच का हवाला देकर प्रशासन ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

**हैदराबाद और तमिलनाडु में दुखद घटनाएं**

### नीट री-एग्जाम से एक दिन पहले 2 बच्चों ने खुदकुशी की

3

नीट-यूजी री-एग्जाम से ठीक एक दिन पहले तेलंगाना के हैदराबाद और तमिलनाडु के कृष्णागिरी से दो छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का बेहद दुखद मामला सामने आया है। दोनों ही मामलों में शुरुआती जांच का ▸▸ शेष पेज 4 पर

**वर्ल्ड रिकॉर्ड : वैभव सूर्यवंशी का श्रीलंका में नया 'वैभव'**

# लंका की लगा दी 'लंका' 11 गेंद में ठोक डाले 50

***श्रीलंकाई खिलाड़ी ने धक्का-मुक्की की थी तब वैभव बोले थे- अब नहीं छोड़ूंगा***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इसे कहते हैं तूफान। इसे कहते हैं चक्रवात। इसे कहते हैं सुनामी। कोई भी नाम दे दो, बल्ला वैभव सूर्यवंशी का ही रहेगा। सुनील गावस्कर ने कह भी दिया- भारत को हर रिकॉर्ड चूर-चूर करने वाला बल्लेबाज मिल गया है। उसे बनाए रिकॉर्ड शायद ही तोड़े जा सकें। वैभव सूर्यवंशी ने इंडिया ए के लिए ट्राई नेशन सीरीज के फाइनल में श्रीलंका ए के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वैभव वनडे क्रिकेट यानी लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अर्धशतक तक पहुंचने के लिए वैभव को सिर्फ 11 गेंदें लगीं और अपनी पहली फिफ्टी इस सीरीज में पूरी की। इसमें एक भी रन दौड़कर उन्होंने नहीं लिया, क्योंकि 5 चौके और 5 छक्के ही 50 रन हो गए। 12 गेंदों में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज के वीररत्ने ने लिस्ट ए क्रिकेट में अर्धशतक बनाया था।



**11 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्के**

**वैभव सूर्यवंशी**

| | |
|---|---|
| 94 | रन |
| 29 | गेंद |
| 10 | चौके |
| 08 | छक्के |

### बल्ले से दिया करारा जवाब

वैभव सूर्यवंशी के आखिरी मैच में उनके साथ धक्का-मुक्की कर दी थी। हर कोई इस बात की दलील दे रहा था कि वैभव को अपने बल्ले से जवाब देना चाहिए और श्रीलंका ए की पूरी टीम को उन्होंने अपने बल्ले से ही जवाब दिया।

**रात्रि विश्राम भी कूनो में ही किया**

## राष्ट्रपति पहुंची कूनो, आज जंगल सफारी के बाद दिल्ली होंगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम के बाद वायुसेना के विशेष विमान से रविवार को दोपहर बाद ग्वालियर पहुंचीं। यहां से राष्ट्रपति कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। उन्होंने शाम के समय में जंगल भ्रमण किया। राष्ट्रपति रात्रि विश्राम भी यहीं करेंगी। वे सोमवार को अल सुबह जंगल सफारी करेंगी। इसके बाद वे ग्वालियर होते हुए नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। उनके कूनो आगमन आदि के मुद्देनजर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू 22 जून को सुबह 10.40 बजे हेलिकॉप्टर से श्योपुर के कूनो से वायुमार्ग से ग्वालियर विमानतल महाराजपुरा आएंगी। कुछ देर रुकने के बाद वे वायुसेना के विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

**सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम किए गए**



**मानसून में देरी से बारिश का कोटा घटा**

## 37 जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मानसून आने में देरी होने की वजह से जून की सामान्य बारिश का आंकड़ा तेजी से घट रहा है। प्रदेश में 46 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। इनमें से पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 24 जिलों में 65 प्रतिशत पानी कम गिरा है। हालांकि प्री मानसून बारिश से कुछ राहत मिल रही है। रविवार को भी दो दर्जन जिलों में बारिश दर्ज की गई है, जबकि सोमवार को भी 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। इधर 25 जून तक प्रदेश में मानसून आने का दावा किया जा रहा है। प्रदेश में मानसून तय समय से 6 दिन पीछे चल रहा है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि 25 जून तक मानसून दस्तक दे सकता है। इस बीच रविवार को भोपाल के करोंद, कोलार समेत कई इलाकों में बारिश हुई। कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चलीं। रविवार को भोपाल और उज्जैन में ▸▸ शेष पेज 4 पर



भोपाल में दिन भर छाए रहे बादल

### तेलंगाना में 13 दिन से अटका मानसून

प्रदेश में मानसून की आमद 15 जून के आसपास हो जाती है, लेकिन इस बार 21 जून तक मानसून का अता-पता नहीं है। तेलंगाना में 8 जून से ही मानसून अटका हुआ है। हालांकि, यह धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में 23 जून को छत्तीसगढ़ आने की संभावना है। रफ्तार तेज रही तो यह एमपी में 25 जून के आसपास आ सकता है। पिछली बार यह 16 जून को ही आ गया था।




एम्स सहित जीएमसी और होम्योपैथी संस्थान में योग अभ्यास का आयोजन

# चिकित्सा संस्थानों ने भी समझा योग का महत्व, कराए आसन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ आयुष विभाग द्वारा उत्साह, ऊर्जा और जनभागीदारी के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी, संकाय सदस्य, चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ, छात्र-छात्राएं, योग साधक और आम नागरिक समेत करीब 700 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में योग फॉर्मेशन प्रस्तुति और योग विशेषज्ञों द्वारा उन्नत योग प्रदर्शन शामिल रहे, जिनके माध्यम से स्वास्थ्य, एकता, समग्र कल्याण तथा नियमित योगाभ्यास के महत्व का संदेश दिया गया। सुबह सात से आठ बजे तक कॉमन योग प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास कराया गया।



*योग स्वस्थ जीवन जीने की पद्धति*

इस अवसर पर एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर, उप निदेशक संदेश जैन, डीन डॉ. रजनीश जोशी तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। डॉ. माधवानंद कर ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है।

### जीएमसी में विश्व शांति ध्यान सत्र आयोजित कर मनाया योग दिवस



योग दिवस के अवसर पर गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया अस्पताल में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. कविता एन.सिंह की अध्यक्षता में पुस्तकालय भवन के भूतल पर किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रही।

### योग भारतीय ऋषियों की चिकित्सा का आधार



शासकीय होम्योपैथी औषधालय कवीटपुरा में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्राणायाम, ध्यान, संकल्प एवं प्रार्थना के साथ योग सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर औषधालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और क्षेत्र के रहवासी शामिल हुए। औषधालय प्रभारी एवं योग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार पचौरी ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि योग आयुष चिकित्सा पद्धति का एक अभिन्न अंग है, जो प्राचीन समय से भारत के ऋषियों ओर मुनियों की चिकित्सा का आधार केंद्र रहा है, साथ ही योग के बिना सम्पूर्ण स्वास्थ्य की परिकल्पना अधूरी है।

---

माधू चांदवानी बने अध्यक्ष तो उपाध्यक्ष के लिए 4 प्रत्याशियों का चयन

# सिंधी पंचायत चुनाव में पुराने पदाधिकारियों की टीम को सफलता, 12 में 10 पर विजयी

*उपाध्यक्ष, महासचिव पद का लगा झटका*

*पिछली बार 1 पद जीता था विरोधी पैनल ने*

*सूची में नाम न होने से बैरंग लौटे कई वोटर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत पंचायत के त्रिवार्षिक चुनाव काफ़ी कश्मकश माहौल में संपन्न हुए। देर रात को घोषित किए गए। इस चुनाव में पुराने पदाधिकारियों की जनसेवा पैनल को भारी सफलता मिली है, जिसमें उसके बारह में से दस पद जनसेवा को मिले, जबकि श्री झूलेलाल सेवा पैनल को मात्र दो पदों पर ही संतोष करना पड़ा है। प्रमुख पद उपाध्यक्ष और महासचिव का झटका लगा है पिछले चुनाव में विरोधी पैनल ने सिर्फ़ उपाध्यक्ष पद जीता था। पंचायत अध्यक्ष पद पर माधू चंदवानी फिर से भारी मतों से विजयी हुए हैं। महासचिव पद पर उलटफेर के कई मायने निकले जा रहे हैं।



### 12 पदों के लिए कुल 23 उम्मीदवार थे मैदान में

कुल बारह पदों के लिए हुए चुनाव में 23 उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें कुछ पदों पर कांटे की टक्कर रही। 43 सौ में से मात्र 2266 कुल 52% ही वोटिंग हो पाई। मतदान सूची में नाम न मिलने और आईडी न होने से कई सदस्य बिना वोट दिए वापस चले गए। सुबह 8 से नव युवक सभा भवन में शुरू हुए मतदान को लेकर लोगों में काफ़ी उत्साह था। दोपहर 3 बजे तक कुल 52% मतदाताओं ने वोट डाले। चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी ने देर रात चुनावों के परिणाम घोषित किए, जिसके बाद विजयी प्रत्याशियों ने मिठाई बांटी।

### किसे कितने वोट मिले

| पद | प्रत्याशी | वोट | परिणाम |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | माधू चांदवानी | 1626 | जीते |
| | राज मनवानी | 600 | हारे |
| उपाध्यक्ष | भरत आसवानी | 1641 | जीते |
| | शेरू रीझवानी | 1663 | जीते |
| | जगदीश आसवानी | 1150 | हारे |
| | गुलाब जेठानी | 1267 | जीते |
| | कमलेश देवानी | 384 | हारे |
| महासचिव | नंद दादलानी | 997 | हारे |
| | राजकुमार राऊ | 1193 | जीते |
| सचिव | जेठानन्द मंगतानी | 1190 | जीते |
| | हरीश मेहरचन्दानी | 1487 | जीते |
| | जगदीश खेराजनी | 545 | हारे |
| | प्रकाश विधानी | 796 | हारे |
| सह सचिव | कैलाश आसवानी | 783 | हारे |
| | किशोर साधवानी | 1453 | जीते |
| | माधवदास पारदासनी | 1321 | जीते |
| | रुपचन्द सोनी | 453 | हारे |
| कोषाध्यक्ष | गुरदास रामचंदानी | 641 | हारे |
| | राकेश शेवानी | 1511 | जीते |
| सह कोषाध्यक्ष | अमित राजानी | 1181 | जीते |
| | रवि सत्तानी | 961 | हारे |
| ऑडिटर | पुरषोत्तम | 1218 | जीते |
| | राजेश पेसवानी | 972 | हारे |

### ये रहे विजयी प्रत्याशी



माधू चांदवानी, माधव परदासानी, गुलाब जेठानी, भरत आसवानी, जेठानन्द, अमित राजानी, हरीश मेहरचन्दानी, शेरू रीझवानी, राकेश शेवानी, पुरषोत्तम, किशोर साधवानी, राजकुमार

---

## निगम मुख्यालय में योग ग्रुप सदस्यों ने दी योगासनों की संगीतमय प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को निगम मुख्यालय अटल भवन परिसर में वृहद योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग अभ्यास कार्यक्रम में महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, निगम आयुक्त संस्कृति जैन सहित महापौर परिषद के सदस्यों, जोन अध्यक्षों, पार्षदों व निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग अभ्यास किया। योग कार्यक्रम में योग गुरू ने उपस्थितजन को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया।

## निर्भया की महिलाओं ने किया योग



**भोपाल।** शक्ति सदन निर्भया महिला आश्रय गृह में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और युवतियों ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और ध्यान योग कर खुद को चुस्त-दुरुस्त किया। आश्रय गृह की महिलाओं ने योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आश्रम की डॉ. प्रियंका और डॉ. दिव्यानी ने महिलाओं को योग के फायदे बताए। कार्यक्रम में निर्भया फाउंडेशन की डायरेक्टर समर खान कहा कि योग से शरीर स्वस्थ्य होने के साथ मन भी शांत होता है।

---

### पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे मुख्यमंत्री को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच की बैठक प्रांताध्यक्ष अशोक पांडेय की अध्यक्षता में इंद्रा निकुंज नर्सरी 74 बंगला में संपन्न हुई। बैठक में पांच मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया तथा अगले सप्ताह मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारी को उच्च न्यायालय के आदेशों का लाभ नहीं मिल रहा है। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद भी इसका लाभ न देना कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों का हनन है। स्थाई कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से नियमित हुए कर्मचारियों को पेंशन सुविधा का लाभ देने, अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने आदि विषय में उच्च न्यायालय अपने स्पष्ट आदेश पारित कर चुका है लेकिन सरकार उसका लाभ नहीं दे रही है। बैठक में निर्णय लिया गया है की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा जाएगा।



हरित भारत अभियान का शुभारंभ

## भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को निःशुल्क पौधे किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से 21 जून को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन तथा मध्य प्रदेश समाज सेवा संस्था के संयुक्त सहयोग से भोपाल रेलवे स्टेशन पर हरित युवा हरित भारत अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर यात्रियों एवं आमजन को निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण तथा हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्टेशन निदेशक भोपाल आशीष दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मुख्यालय अधीक्षक (वाणिज्य) हैरिस लाल, डिप्टी एसएस राकेश सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान भोपाल रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को लगभग 500 निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं पौधरोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

### ई-अटेंडेंस को लेकर महिला शिक्षिकाओं को राहत

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वैच्छिक स्थानांतरण में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। इसी बीच विभाग ने महिला शिक्षकों को स्वीकृत संतान पालन अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) की अवधि को ई-अटेंडेंस में उपस्थिति के रूप में मान्य करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, शिक्षक संवर्ग में कार्यरत महिला शिक्षकों का यदि सक्षम स्तर से संतान पालन अवकाश स्वीकृत हो चुका है, तो उस अवधि को सत्र के कार्य दिवसों में ई-अटेंडेंस के लिए उपस्थित माना जाएगा। संबंधित अभ्यावेदन राज्य स्तरीय अभ्यावेदन निराकरण समिति को भेजे जा सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद राज्य स्तरीय समिति इस पर अंतिम निर्णय लेगी।

---

जी राम जी योजना ग्रामीण विकास को देगी नई गति

# खरीफ के लिए खाद का पर्याप्त भंडार किसानों को नहीं होगी कोई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा के इछावर और भैरूंदा पहुंचें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने पर यहां आयोजित जन-कल्याण शिविर में सरकार की अलग-अलग योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी।

सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था लागू की जा रही है, लेकिन फिलहाल ओटीपी और सर्वर जैसी कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



शिविर को संबोधित करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### क्षेत्र के विकास कार्यों को चिन्हित करें

चौहान ने कहा, पंचायतें पहले से तैयारी करें और अपने क्षेत्र के जरूरी विकास कार्यों को चिन्हित करें, ताकि उन्हें प्राथमिकता मिल सके और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। मानदेय भुगतान के लिए बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई है। ऐसे प्रावधान भी किए जा रहे हैं, जिससे कर्मियों को समय पर वेतन मिल सके।

### एक जुलाई से लागू होगी जी राम जी योजना

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि एक जुलाई से विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू होने जा रही है, जो ग्रामीण विकास को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि 30 जून तक मनरेगा के तहत कार्य चलते रहेंगे, इसके बाद विकसित भारत जी राम जी योजना का संचालन किया जाएगा। इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के लिए 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। मप्र को भी बड़ी राशि आवंटित की गई है, जिससे गांवों में विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले को भी इसका भरपूर लाभ मिले, इसके लिए स्थानीय स्तर पर पूरी तैयारी और प्रयास किए जा रहे हैं।



भोपाल, सोमवार 22 जून 2026 ■ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -8 ■ वर्ष : 13, अंक : 81 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 34 न्यून. 27 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कोलकाता के रेड रोड पर पीएम मोदी ने किए 5 योगासन, लोगों को भी सिखाया

21 जून को सूरज की रोशनी देर तक रही, ठीक वैसे ही जैसे योग की रोशनी जिंदगी में होती है, 21 जून को था साल का सबसे बड़ा दिन

# योग के लिए 'बड़ा दिन'

## मोदी बोले- 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें योग इसमें मददगार, यह सबको जोड़ता है

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए। योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है।



नरेंद्र मोदी

पीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए। योग दिवस पर मैं बंगाल के लोगों की उस सफाई मुहिम के लिए खास तौर पर तारीफ करना चाहता हूं जो चलाई गई है। यह एक शानदार पहल है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



कोलकाता के रेड रोड पर विशेष योग सत्र

## पैंगोंग झील के किनारे हिमवीरों ने किया योग

आईटीबीपी की 24वीं बटालियन ने पैंगोंग झील के किनारे लुकुंग पोस्ट पर एक योग सत्र आयोजित किया। स्वास्थ्य, सद्भाव और कल्याण का संदेश देते हुए हिमवीरों, सेना के जवानों, स्थानीय ग्रामीणों और महाबोधि संस्थान के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी





गुजरात में नेवी योग करते हुए



इंडियन कोस्ट गार्ड के जवानों ने भी किया योग

कहा-विश्व कल्याण के लिए योग की नई पहचान

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड पर किया योग



जबलपुर में राष्ट्रपति मुर्मू और सीएम डॉ. यादव योग करते हुए

योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व 3 मंत्री मौजूद थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि योग को विश्व कल्याण के एक सशक्त माध्यम के रूप में नई पहचान और व्यापक स्वीकार्यता मिली है। विदेशों में भी योग के प्रति लोगों का आकर्षण निरंतर बढ़ रहा है, और यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का सशक्त उदाहरण है। राष्ट्रपति मुर्मू जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

## योग, वैश्विक शांति के लिए एकमात्र उपायः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग दिवस वैश्विक शांति और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के करीब 2500 स्थानों पर योगाभ्यास किया। 210 से अधिक दूतावासों ने भी सामूहिक योग में भागीदारी की। भारत ने योग के रूप में दुनिया को मानव कल्याण का उपहार सौंपा है। मुख्यमंत्री आदि देव शंकर और आष्टांग योग के प्रणेता महर्षि पतंजलि को नमन करते हुए कहा कि यह मप्र का सौभाग्य है कि 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम संस्कारधानी जबलपुर में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ने सदैव संसार को एक परिवार के रूप में देखा है। हमने कभी भौगोलिक सीमाओं तक अपनी सोच को सीमित नहीं किया है, अपितु विश्व को वसुधैव कुटुंबकम का अमर संदेश दिया , हमारे ऋषियों ने सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः की कामना की।



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मादा चीता गांव में घुसी ग्रामीणों ने खदेड़ा



**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से निकलकर एक मादा चीता रविवार सुबह विजयपुर इलाके के दुबेरा गांव में घुस गई, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। खेतों के रास्ते गांव में दाखिल हुई यह मादा चीता गलियों से होते हुए सीधे एक सरकारी प्राइमरी स्कूल के बेहद करीब पहुंच गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों के दम पर चीते को खदेड़ दिया।

### कार डिवाइडर से टकराई कारोबारी की गई जान



**उज्जैन।** महाकाल के दर्शन कर इंदौर लौट रहे बेंगलुरु के बीज (सीड) कारोबारी मणिकांत कुट्टी (35) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा उज्जैन-देवास मार्ग पर गरुड़ बायपास ब्रिज के पास हुआ, जहां स्कोडा कार का अगला टायर फटने से कार डिवाइडर से जा टकराई। मणिकांत इटरना कंपनी के मालिक थे।

राष्ट्रपति मुर्मू की मौजूदगी में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 36 वां दीक्षांत समारोह

# डिग्री को राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा का माध्यम बनाएं विद्यार्थी

182 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधियां

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल डिग्री देने के केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, अनुसंधान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच के विकास के प्रमुख केंद्र



समारोह का शुभारंभ करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल डिग्री देने के केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, अनुसंधान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच के विकास के प्रमुख केंद्र होते हैं। विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाषाओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित करना भी विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आधुनिकता और परंपरा के संतुलन से ही देश का समग्र विकास संभव है। विद्यार्थी डिग्री को राष्ट्र निर्माण व समाज सेवा का माध्यम बनाएं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू रविवार को जबलपुर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहीं थी। इस मौके पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने विभिन्न संकायों में ▶▶ शेष पेज 4 पर



द्रौपदी मुर्मू

एक से अधिक स्वर्ण पदक अर्जित करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया



एक छात्रा को पदक प्रदान करतीं राष्ट्रपति मुर्मू

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा संस्थान नहीं, वीरांगना रानी दुर्गावती के स्वाभिमान और बलिदान की गौरवशाली परंपरा का है प्रतीकः मुख्यमंत्री

## हर विवि 5-5 पिछड़े ग्रामों को गोद लें : राज्यपाल

राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने कहा कि डिग्री केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि विकसित भारत के निर्माण, नवाचार और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने वाली शक्ति है। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय से 5-5 पिछड़े ग्रामों को गोद लेने का आग्रह करते हुए कहा कि विद्यार्थी स्वयं इन ग्रामों में जाकर वहां की परिस्थितियों को समझें और अनुभव करें कि जनजातीय समाज और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए किन-किन क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है।

## बेटियों की सफलता प्रदेश के लिए गर्व का विषय : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू की मौजूदगी ने विश्वविद्यालय के 36 वें दीक्षांत समारोह को और अधिक गौरवशाली बना दिया है। यह विश्वविद्यालय केवल उच्च शिक्षा का संस्थान नहीं है। यह वीरता, स्वाभिमान और बलिदान की उस गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जिसे अमर वीरांगना रानी दुर्गावती ने अपने साहस और अदम्य पराक्रम से स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। यहां से निकलने वाली प्रतिभाएं देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अनेक विद्यार्थियों ने एक से अधिक स्वर्ण पदक ▶▶ शेष पेज 4 पर



घटना स्थल पर पहुंची जांच टीम

तमिलनाडु में भीषण हादसा

## सी फूड फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से 7 महिलाओं की मौत



- 65 से अधिक श्रमिक बीमार, 11 मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया
- फैक्ट्री के एक वॉल्व में खराबी बनी हादसे की वजह

एजेंसी ▶▶ तिरुवल्लूर

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक बड़ा औद्योगिक हादसा हो गया। पेरियापालयम के पास कन्निगाइपैर स्थित संट पीटर्स पॉल सी फूड्स एक्सपोर्ट्स फैक्ट्री में अचानक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इस जहरीली गैस की चपेट में आने से 7 महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 65 से अधिक कर्मचारी बेहोश और बीमार हो गए। प्रभावित होने वाले कर्मचारियों में अधिकांश 24 से 25 वर्ष की युवा महिलाएं हैं। जिला कलेक्टर एस. कविता के अनुसार 46 मरीजों का इलाज वेल्स हॉस्पिटल में और 21 का वेंकटेश्वर हॉस्पिटल में चल रहा है। सबसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मौके पर एनडीआरएफ की विशेष टीम पहुंची

अरक्कोनम स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की चौथी बटालियन को अलर्ट किया गया। चेन्नई से 30 एनडीआरएफ जवानों की एक विशेष टीम अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची। यह टीम पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई), गैस डिटेक्शन डिवाइस और रासायनिक-जैविक आपदा से निपटने वाले उपकरणों से लैस है, ▶▶ शेष पेज 4 पर


गेमिंग फर्मों पर सेंट्रल जीएसटी का बड़ा छापा

## '300 करोड़' की टैक्स चोरी मौके पर 1 करोड़ जमा कराए

**तीनों फर्में एक ही पते से संचालित हो रही थीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ सेंट्रल जीएसटी जबलपुर की एंटी इवेजन ब्यूरो टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार देर रात सतना में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी तीन बड़ी फर्मों पर एक साथ दबिश दी गई। शुरुआती जांच और वित्तीय लेन-देन के आंकड़ों के आधार पर लगभग 300 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का अनुमान लगाया गया है। अधिकारियों की सख्ती के बाद फर्म संचालकों ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



### स्थानीय पुलिस-ऑफिस को भनक तक नहीं

जबलपुर से आए आधा दर्जन से अधिक सीनियर अधिकारियों की यह कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि सतना स्थित सेंट्रल जीएसटी के स्थानीय कार्यालय को इसकी भनक तक नहीं लगने दी गई। ▶▶ शेष पेज 4 पर

जनप्रतिनिधियों को झेलना पड़ा आक्रोश

## किसानों ने रोका केंद्रीय मंत्री शिवराज का काफिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर और नीमच जिलों से रविवार को जनता और विपक्ष के तीखे तेवरों की दो बड़ी तस्वीरें सामने आईं। एक तरफ सीहोर में कांग्रेस नेताओं और किसानों ने एकजुट होकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोक दिया, तो दूसरी तरफ नीमच में जावद से भाजपा विधायक ओमप्रकाश सकलेचा को जनता के भारी आक्रोश के कारण अपना कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर लौटना पड़ा। चौहान रविवार को इछावर के आजाद मैदान में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कांग्रेस नेताओं और किसानों ने उनका रास्ता रोक लिया। काफिला ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ शिवराज बोले मैं जनता का प्रतिनिधि हूं, दिया आश्वासन

केंद्र सरकार ने दिया तीसरा सेवा विस्तार

## अधिवक्ता मेहता 2029 तक बने रहेंगे सॉलिसिटर जनरल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के दूसरे सबसे बड़े विधिक अधिकारी (सॉलिसिटर जनरल) तुषार मेहता अगले 3 वर्षों तक अपने पद पर बने रहेंगे। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही 1 जुलाई 2026 से उनका चौथा कार्यकाल शुरू होगा, जो 30 जून 2029 तक चलेगा। यह उनका लगातार तीसरा सेवा विस्तार है। वरिष्ठ अधिवक्ता तुषार मेहता पिछले कई सालों से सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामलों की पैरवी कर रहे हैं। उन्हें पहली बार 2018 में इस पद पर नियुक्त किया गया था, जिसके बाद उन्हें ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ एसीसी ने उनका कार्यकाल तीन साल बढ़ाने की दी मंजूरी

शिक्षा मंत्री ने दिया भरोसा

## सीबीएसई 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया पूरी, रिजल्ट जल्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12वीं की री-इवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) प्रक्रिया को लगभग पूरा कर लिया गया है और बोर्ड किसी भी समय इसके नतीजे घोषित कर सकता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी पुष्टि की है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने संशोधित अंक चेक कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री ने नीट यूजी री-एग्जाम के दौरान सीबीएसई नतीजों पर भी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 12वीं के कुल 17 लाख छात्रों में से करीब 15.5 लाख छात्रों के परिणाम पहले ही जारी किए जा चुके हैं। बाकी जिन छात्रों या अभिभावकों ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा के आवेदन में देरी से चिंतित छात्र

ट्रैक की खराबी देखते ही बजेगा अलार्म

## रेलवे इस्तेमाल करेगी रोबोटिक तकनीक, बाढ़-बारिश से सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे अब ट्रैक की सुरक्षा को और ज्यादा मजबूत बनाने के लिए एक नई तकनीक का सहारा लेने जा रही है। इस तकनीक की मदद से रेलवे ट्रैक पर होने वाले बड़े हादसे और छोटी-छोटी खराबी को समय रहते पता लगाया जा सकता है। इस तकनीक में मल्टी-सेंसर, एआई और डिजिटल ट्विन जैसी आधुनिक तकनोकों का इस्तेमाल किया जाएगा। सेंसर से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल कर सिस्टम ट्रैक की मजबूती और उसकी उसकी स्थिति की रखरखाव करेगा। आईआईटी गुवाहाटी और भुवनेश्वर मिलकर ऑटोनॉमस यूनिटरी सिस्टम फॉर इंस्पेक्शन एंड मॉनिटरिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ आईआईटी गुवाहाटी और भुवनेश्वर मिलकर बना रहे तकनीक


टीटी नगर स्टेडियम में योग कार्यक्रम में अधिकारियों संग हिस्सा लेते आम लोग।

### मंत्री, नेता, अधिकारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठनों सहित योग अभ्यास कार्यक्रमों में उमड़ पड़ा जनसैलाब

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः राजधानी के लाखों बाशिंदों ने सीखा योग, ताकि रह सकें निरोग

*विभिन्न शासकीय संस्थानों, कार्यालयों, सामाजिक संगठनों ने सार्वजनिक योगासन के कार्यक्रम किए। इनमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम यादगार बन गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को भोपाल में 150 से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम हुए। सुबह से ही पार्कों, योग केंद्रों, सामुदायिक भवनों और शिक्षण संस्थानों में योग शिविर लगे। विभिन्न शासकीय संस्थानों, कार्यालयों, सामाजिक संगठनों ने सार्वजनिक योगासन के कार्यक्रम किए। इनमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। तो वहीं राजधानी भोपाल में मुख्य कार्यक्रम में सुबह 6 से 8 बजे तक टीटी नगर स्टेडियम में हुआ। जहां पर सामूहिक योगाभ्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर सहित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर विधायक भगवानदास सबनानी, कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल, भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा तथा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थी। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने निर्धारित योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने नियमित योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

**मुख्य कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 8 बजे तक टीटी नगर स्टेडियम में हुआ**



### छात्रों में दिखा उत्साह

सुबह के करीब 5:30 बजे से टी.टी. नगर स्टेडियम में छात्रों को पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। छह बजे तक यहां पर सैकड़ों की संख्या में छात्र पहुंच गए। विश्व योग दिवस को लेकर छात्रों में उत्साह देखते बन रहा था। योग सत्र के दौरान, प्रतिभागियों ने वृक्षासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन और शवासन जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इसके अतिरिक्त, तनाव कम करने और फेफड़ों को मजबूत बनाने के लिए अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्राणायाम भी कराए गए।



#### शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है

मॉडल स्कूल में छठवी क्लास में पढ़ने वाले छात्र हिमांशु ने कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग है। नियमित रूप से योग करने से शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह का विकास होता है।

#### सकारात्मक जीवन जीने की कला सिखाता है योग

नवीन कन्या विद्यालय में पढ़ने वाली सोनिका बारेलाल ने कहा कि मेरे स्कूल में रोजना योग कराया जाता है। मैं स्कूल केसाथ ही घर पर भी योग करती हूं। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की कला है।



### एलएचओ में विशेष योग सत्र का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ) में इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग पर आधारित एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। योग सत्र का संचालन एक ख्यातिप्राप्त योग प्रशिक्षक द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान संबंधी अभ्यास कराए। प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ बढ़ती आयु में भी सक्रियता, लचीलापन एवं जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएओ) शुभकांत कानूनगो ने सक्रिय सहभागिता की। उनके साथ उप महाप्रबंधकों (डीजीएम), अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं बैंक के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

## शहर के अलग-अलग स्थानों पर खुशनुमा सुबह में किया योग



### बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में रविवार को सुबह 6:30 बजे से सामूहिक योगाभ्यास प्रो. साधना दौनेरिया द्वारा कराया गया। शुभारंभ दीप प्रज्जलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. विवेक शर्मा, कुलगुरू, बरकतउल्ला विवि थे। उन्होंने योग विषय पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को स्वयं एवं समाज के लिए योग की उपादेयता बताई और योग को आत्मसात करने लिए प्रेरित किया।

### कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुआ योग सत्र का आयोजन

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मप्र पर्यटन द्वारा पर्यटन निगम की इकाई कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया।

### आंचलिक विज्ञान केन्द्र में योग दिवस

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्र परिसर में कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रदर्शनी लगाई गई, जिसके समक्ष आगंतुकों एवं प्रतिभागियों ने विभिन्न योगाभ्यास किए तथा योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को प्रदर्शित करने वाली जानकारीपूर्ण प्रदर्शनी से लाभान्वित हुए।


ब्रह्माकुमारीज संस्थान में योग कार्यक्रम का आयोजन।

### शरीर को स्वास्थ्य, मन को शांति देता है योग

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र के गुणमोती हॉल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके डॉ रीना दीदी ने कहा कि शरीर को स्वास्थ्य, मन को शांति और आत्मा को शक्ति योग से प्राप्त होती है। कार्यक्रम में बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए समाज को योगमय बनाने का संकल्प लिया।

### एचई योग मित्र मंडल ने किया योग



द्वादश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एचई योग मित्र मंडल, पिपलानी ने प्रातःकाल एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी आनंदधर्मा ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। इस उपलक्ष्य में बिहार योग विद्यालय, मुंगेर द्वारा 'दयालुता और संतोष के विकास' हेतु समर्पित संदेश एवं मार्गदर्शन का वाचन मंडल के महासचिव सतेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

## गायत्री परिवार ने जेल में कैदियों से कराया योग

अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्ग दर्शन में गायत्री शक्तिपीठ भोपाल प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा 11 चेतना केन्द्रों एवं केंद्रीय जेल भोपाल में गायत्री परिवार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय से योग में प्रशिक्षित योग आचार्य द्वारा योग का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन विवि में योग दिवस

सर्वपल्ली राधाकृष्णन यूनिवर्सिटी के अंतर्गत मेडिकल, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, फार्मेसी व नर्सिंग कॉलेज के टीचिंग, हॉस्पिटल स्टॉफ, यूजी-पीजी स्कॉलर्स, जूनियर डॉक्टर्स समेत कर्मचारियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।


**प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा में भी साधकों ने लगाए आसन**

केंद्रीय जेल भोपाल में गायत्री परिवार प्रशिक्षित योग आचार्यों ने कराया योग कार्यक्रम।



### मां आशापुरा दरबार में योग अभ्यास और पौधरोपण

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्री मां आशापुरा दरबार, कोहेफिजा के तत्वावधान में भारत सरकार की संस्था सीपेट के सहयोग से पूज्य गीता माताजी के सानिध्य में निर्माणाधीन श्री मां आशापुरा धाम में योग अभ्यास एवं पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनेक नागरिकों ने स्वास्थ्य के लिए उपयोगी आसनों के साथ योग अभ्यास किया और पौधरोपण में भाग लिया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में मना योग दिवस

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं प्रशिक्षण योग गुरु राजेश श्रीवास्तव के द्वारा की गई। योग प्रशिक्षक डॉ नीतू सिंह भी उपस्थित रही।



## खेल परिसर में भेल के अधिकारियों ने किया योग


भेल खेल परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन।

बीएचईएल खेल परिसर, भोपाल के एथलेटिक्स ग्राउंड, में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम में ईडी प्रदीप कुमार उपाध्याय, भोपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर संगीता रामनाथन, अध्यक्षा बीएचईएल लेडीज क्लब रोजी उपाध्याय, महाप्रबंधक (मा.सं.) टीयू सिंह, वरिष्ठ कमांडडेंट सीआईएसएफ शिवरतन सिंह मीणा, सभी महाप्रबंधक, सभी यूनियनों के पदाधिकारी, बीएचईएल लेडीज क्लब की सभी उपाध्यक्ष, योगाचार्य स्वामी अमृत बिंदु एवं बड़ी संख्या मे योग साधकों ने योग किया। अपने संबोधन में ईडी उपाध्याय ने योग से व्यक्ति के जीवन मे होने वाले लाभ एवं नई पीढ़ी में योग के प्रति चेतना जागृत करने पर जोर दिया और कहा कि योग से न केवल

### अरेरा कॉलोनी के बघीरा अपार्टमेंट में 'विशेष कार्यक्रम' आयोजित

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश


कार्यक्रम को संबोधित करतीं सीमा भारद्वाज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अरेरा कॉलोनी स्थित बघीरा अपार्टमेंट में बघीरा कल्याण समिति द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका संयोजन स्वदेशी जागरण मंच भोपाल विभाग की संपर्क प्रमुख प्रीति सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ पंतजलि भोपाल विभाग प्रभारी मप्र कोच, भारत योगासन सदस्य रेखाजी बत्रा और स्वदेशी जागरण मंच, मध्य भारत प्रांत महिला कार्यक्रम प्रमुख समाजसेवी सीमा भारद्वाज उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में रहवासी, मातृशक्ति और वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।



हीरामणि गुप्ता ने अतिथियों को घर पर तैयार तुलसी, सदाबहार, लेमनग्रास के पौधे भेंट किए। रेखा बत्रा ने वरिष्ठजनों के अनुरूप सरल और शरीर को साधने के सुंदर योगाभ्यास करवाए और नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। सीमा भारद्वाज ने योग को भारतीय परंपरा की अमूल्य देन बताते हुए स्वदेशी जीवनशैली, स्थानीय उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने मानसून में फलों-सब्जियों के बीज बोकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सह प्रमुख संगीता जी तिवारी,अंजलि जी दुबे ने सभी को स्वदेशी पत्रक वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए और योग, स्वदेशी तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## नीट परीक्षा के लिए बने केंद्रों पर जैमर और कैमरों का कड़ा पहरा: 30 से 40 सेकंड देरी से पहुंचे स्टूडेंट्स को भी नहीं मिला प्रवेश, नाराज पेरेंट्स बोले- रोल नंबर और रूम ढूंढने में लगा समय

# चप्पे-चप्पे पर नजर, चप्पल से चोटी तक की चेकिंग



सुभाष स्कूल परीक्षा केंद्र पर चोटी खोलकर दिखाती छात्रा। इस दौरान गले में पहनी माला को भी निकलवाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद दोबारा से परीक्षा करा ली गई है। जिसके लिए खासा एहतियात बरती गई। हालांकि पिछली बार के मुकाबले इस बार भोपाल में 610 छात्र कम हो गए, जबकि परीक्षा में शामिल होने 13 हजार 775 ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 12 हजार 299 छात्रों ने दी परीक्षा दी है। जिससे 1476 छात्र एबसेंट रहे, इसमें ऐसे छात्र भी शामिल हैं, जो दोपहर डेढ़ बजे तक परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंच सके थे। राजधानी में एक छात्र को कमला नेहरु स्कूल टीटी नगर में दिव्यांग केटेगरी होने से 65 मिनट का एक्ट्रा समय दिया गया था। इधर प्रदेश में एक लाख 18 हजार छात्रों ने परीक्षा दी है।

पहली बार नीट की परीक्षा को लेकर एयरफोर्स, सीआरपीएफ और जिला प्रशासन को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसके तहत तीन दिन पहले ही पेपर एयरफोर्स के विमान से भोपाल आए थे, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के साथ बैंकों के लॉकर में रखा गया। रविवार को सुबह राजधानी के 32 केंद्रों पर एक मजिस्ट्रेट, सीआरपीएफ की टुकड़ी के साथ केंद्रों पर पहुंचाए गए। सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक एंट्री देने के बाद गेट बंद कर दिए गए।

» *भोपाल में 1476 छात्रों ने नहीं दी नीट परीक्षा, एक छात्र को मिला 65 मिनट का एक्स्ट्रा समय*

### कुछ केंद्रों पर अभिभावकों और स्टाफ के बीच हुई कहासुनी

राजधानी में कुछ केंद्रो पर प्रवेश को लेकर अभिभावकों और केंद्रो पर मौजूद स्टाफ के बीच कहासुनी भी हुई। नीट परीक्षा देने आई एक छात्रा गलती से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पहुंच गई, जबकि उसका वास्तविक परीक्षा केंद्र पास ही स्थित सरोजिनी नायडू कॉलेज था। गलत केंद्र पर पहुंचने के कारण उसे प्रवेश नहीं मिला। इसके बाद छात्रा अपने पिता के साथ जल्दबाजी में सही केंद्र के लिए रवाना हुई, लेकिन वहां पहुंचने तक निर्धारित समय सीमा समाप्त हो चुकी थी और गेट बंद होने के कारण उसे प्रवेश नहीं दिया गया।



हमीदिया स्कूल में छात्र की जेब की तलाशी लेता पुलिस कर्मी।

## भोपाल के 32 परीक्षा केंद्रों पर शामिल हुए 12 हजार 299 परीक्षार्थी



नूतन कॉलेज में बने परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए खड़ी छात्राएं।

» *परीक्षा के बाद छात्रों की नोटबुक सुरक्षा के साथ सीआरपीएफ ने बैंकों के लॉकर में जमा की*

» *तीन एडीएम, 32 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और दस नोडल अधिकारी रहे तैनात*

» *सेंटरों पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावक पहुंचे 3 से 4 घंटे पहले*

» *कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच तीन स्तरीय जांच के बाद परीक्षार्थियों को केंद्रो में प्रवेश दिया गया*



सुभाष स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर छात्रा के हाथ से कलावा निकलवाते सुरक्षा कर्मी।

## *कहीं केंद्रों पर टेंट की व्यवस्था, कहीं पेड़ों की छांव का लिया सहारा, पेरेंट्स बाहर करते रहे इंतजार*

सरोजिनी सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद परिजनों और लोगों का कहना है कि कुछ अभ्यर्थी महज 30 से 40 सेकंड की देरी से पहुंचे थे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, जिससे रोल नंबर और कक्ष की जानकारी लेने में समय लग गया। इसके कारण कुछ छात्र निर्धारित समय से थोड़ी देर बाद पहुंचे। परिजनों ने प्रशासन से मांग की कि ऐसी स्थिति में दो-चार मिनट की छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों के मानसिक तनाव को देखते हुए संवेदनशीलता बरतने की अपील की है। वहीं एडिशनल एसपी ने कहा कि इन्हें अंदर भेजना मेरे हाथ में नहीं है।



केंद्रीय विद्यालय 2 में पेरेंट्स को बैठने के लिए टेंट लगाया गया।

### सीआरपीएफ ने जमा कराई नोटबुक, प्लेन से जाएंगी

सीआरपीएफ ने परीक्षा के बाद सभी छात्रों की नोटबुक सुरक्षा के साथ बैंकों के लॉकर में जमा करा दी हैं, जिन्हें भारी सुरक्षा के साथ एयरफोर्स के विमान से ले जाया जाएगा। नीट परीक्षा के नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर पीसी शाक्या ने बताया कि सरकार की गाइडलाइन के हिसाब से परीक्षा संपन्न कराई गई है। जिसके लिए तीन एडीएम, 32 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और दस नोडल अधिकारियों को तैनात किया था।



केंद्रीय विद्यालय 2 में तैनात डॉक्टरों की टीम।

### बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर दिखी भीड़

रविवार को सुबह और शाम को भीड़ दिखाई दी। शाम छह बजे के बाद बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर छात्रों सहित बड़ी संख्या में यात्री नजर आए। हालाकि इस दौरान बस स्टैंड पर पुलिस और रेलवे स्टेशनों पर भोपाल आरपीएफ थाना के जवान लगातार स्टूडेंट्स की मदद करते नजर आए।



हमीदिया स्कूल में बने परीक्षा केंद्र के बाहर पेड़ों की छांव में खड़े अभिभावक।

## नीट परीक्षा के दौरान हाई अलर्ट पर रहे 44 साइबर कमांडो, 48 घंटे में नहीं मिली कोई शिकायत

मध्य प्रदेश में आयोजित नीट परीक्षा के दौरान पेपर लीक और साइबर अपराधों की आशंकाओं को देखते हुए राज्य साइबर पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए। प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि साइबर निगरानी के लिए 44 साइबर कमांडो को हाई अलर्ट पर तैनात किया गया था। स्टेट साइबर सेल के अनुसार परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, मैसेजिंग एप्स और विभिन्न डिजिटल माध्यमों पर लगातार निगरानी रखी गई। पिछले 48 घंटों में पेपर लीक, फर्जी प्रश्नपत्र या किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई। हालांकि कुछ फोन कॉल्स परीक्षा और प्रश्नपत्र को लेकर मिली सूचनाओं के संबंध में प्राप्त हुए, लेकिन जांच में कोई भी मामला पेपर लीक या अनियमितता से जुड़ा नहीं पाया गया।

मध्य प्रदेश स्टेट साइबर सेल की पुलिस अधीक्षक प्रेरणा नागवंशी ने बताया कि राज्य के अलावा आसपास के राज्यों से जुड़े कई सोशल मीडिया हैंडल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भी निगरानी की गई। उन्होंने कहा कि इस बार सबसे बड़ी राहत यह रही कि टेलीग्राम पर प्रतिबंध के कारण पेपर लीक और फर्जी सूचनाओं के प्रसार की आशंकाएं काफी हद तक नियंत्रित रहीं। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर छात्रों और अभिभावकों के बीच भ्रम की स्थिति बनी थी, लेकिन साइबर सेल ने तत्काल संबंधित अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों से संपर्क कर स्थिति स्पष्ट की। इससे अफवाहों को फैलने से रोका जा सका। एसपी प्रेरणा नागवंशी के मुताबिक, पिछले वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष रणनीति तैयार की गई थी। परीक्षा से 48 घंटे पहले से लेकर परीक्षा संपन्न होने के बाद तक साइबर कमांडो लगातार सक्रिय रहे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर संदिग्ध गतिविधियों, फर्जी दावों और पेपर लीक से जुड़ी अफवाहों पर कड़ी नजर रखी गई। राज्य साइबर पुलिस की सतर्कता और लगातार निगरानी के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हुई।

### पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई नीट परीक्षा

राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान भोपाल पुलिस कमिश्नर द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की गई। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जा सका। परीक्षा के दौरान कहीं से भी नकल, चीटिंग अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता एवं कानून-व्यवस्था संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

### परीक्षा केंद्रों के पास सुबह सात बजे से पहले स्वच्छता

राजधानी में नीट-यूजी री-एग्जाम-2026 के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों के आसपास रविवार को सुबह 7 बजे के पूर्व निगम के सफाई मित्रों ने सफाई का काम पूरा कर लिया था। अपने-अपने जोन के एएचओ ने परीक्षा केंद्रों के आसपास अपनी निगरानी में सफाई करवाई और कचरा उठवाया। जबकि सेंटरों के बाहर निगम ने चलित शौचालय की व्यवस्था भी की थी। निगम प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सफाई के विशेष इंतजाम करने के निर्देश शनिवार को ही दे दिए थे।

## सेंटरों पर तैनात रहे डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ

हर परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई। गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस को भी क्विक रिस्पॉन्स मोड पर तैनात रही। परीक्षा केंद्रों पर गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस और जरूरी दवाएं भी उपलब्ध थी।



भोपाल रेलवे स्टेशन पर मौजूद विद्यार्थी।

## रेलवे हेल्प बूथ पर इक्का-दुक्का छात्र ही पहुंचे

नीट परीक्षा के छात्रों के लिए रेलवे ने भोपाल स्टेशन पर हेल्प लाइन बूथ बनाए थे, लेकिन इक्का-दुक्का छात्र ही पूछताछ करने पहुंचे। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि हेल्प बूथों पर परीक्षार्थियों को मार्ग, परिवहन सुविधाएं बताई गई।

### परीक्षा केंद्रों पर दिखा उत्साह, पेपर देकर बोले विद्यार्थीः फिजिक्स-कैमेस्ट्री ने दी चुनौती, बायो रहा सरल

3 मई को पेपर लीक होने के बाद नीट-2026 की पुनर्परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। राजधानी भोपाल के 32 परीक्षा केंद्रो पर करीब 12 हजार 303 छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्रो पर सुबह 9 बजे से ही विद्यार्थी और उनके अभिभावक पहुंचना शुरू हो गए। इस दौरान कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच तीन स्तरीय जांच के बाद परीक्षार्थियों को केंद्रो में प्रवेश दिया गया। सुबह 11 बजे के बाद केंद्रो पर प्रवेश की प्रक्रिया तीन स्तरीय जांच के साथ शुरू हुई। पेपर देकर केंद्र से बाहर आए छात्रों ने औसत बताया। हालांकि कुछ विद्यार्थी इसे कठिन बताते हुए भावुक नजर आए। विद्यार्थियों ने कहा कि पेपर में फिजिक्स-कैमेस्ट्री इस बार चुनौतीपूर्ण रहा, वहीं बायो सरल रहा। केंद्रो पर इस दौरान कुछ विद्यार्थी पेपर बिगड़ने के कारण भावुक भी हुए, हालांकि उनके अभिभावक और साथियों ने उनका हौसला बढ़ाया।

#### केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा मिली



पेपर बहुत अच्छा हुआ है। हालांकि केमेस्ट्री इस बार थोड़ी कठिन लगी। हालांकि पेपर में काफी कुछ अच्छा रहा। नीट के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पहले के मुकाबले इस बार बहुत ही बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए की गई। हर बार ऐसी ही सुरक्षा और निगरानी होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का भरोसा बना रहे।

**महक प्रजापति, छात्रा**

#### फिजिक्स, केमेस्ट्री थोड़ा कठिन आया था



नीट परीक्षा में शामिल होने का यह मेरा दूसरा अवसर है। इससे पहले वाला पेपर मेरा अच्छा गया था। अब दोबारा से मेहनत की है, ऐसे में तैयारी और बेहतर हुई है। इस बार फिजिक्स, कैमेस्ट्री थोड़ा कठिन आया था। परिणाम अच्छा आने की उम्मीद है। हालांकि अभी भी पेपर लीक की आशंका ने डरा रखा है। इस बार सेंटरों पर कड़ी सुरक्षा और सुविधाएं मिली।

**तन्वी पाण्डेय, छात्रा**

#### तीन स्तरीय जांच के बाद प्रवेश दिया



यह मेरा दूसरा अटेम्प्ट है। परीक्षा केंद्र पर बेहतर व्यवस्थाएं की गई है। तीन स्तरीय जांच के बाद प्रवेश दिया गया। इस दौरान दस्तावेजों की जांच, फिर मेटल डिटेक्टर से स्क्रीनिंग और अंत में बायोमेट्रिक सत्यापन हुआ। मुझे इस बार केमेस्ट्री बहुत कठिन लगी, हालांकि बायों काफी आसान था। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का काफी ध्यान रखा गया है।

**अभिषेक गौर, छात्रा**

#### यह परीक्षा में शामिल होने का तीसरा अवसर



यह मेरा परीक्षा में शामिल होने का तीसरा अवसर पर है। इस बार पेपर बहुत कठिन आया है। इसमें पिछली बार के मुकाबले फिजिक्स-कैमेस्ट्री ज्यादा कठिन आया है। हालांकि हमने बेहतर तैयारी की है, अब परिणाम का इंतजार है। सेंटरों पर तीन स्तरीय जांच के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का खास ध्यान रखा गया।

**अलीशा खान, छात्रा**

#### फिजिक्स चुनौतीपूर्ण बॉयो सरल रहा



परीक्षा में शामिल होने का यह मेरा पहला अवसर है। एग्जाम कठिन था। हालांकि हमने बेहतर तैयारी की थी। इस बार फिजिक्स का पेपर चुनौतीपूर्ण रहा। तुलनात्मक सवाल होने से इसे हल करने में अधिक समय लगा, वहीं बायो सरल रहा। परीक्षा केंद्रों पर इस बार बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था परीक्षार्थियों के लिए की गई।

**तहूर अहमद, छात्र**

#### इस बार पेपर बहुत कठिन रहा



इस बार पेपर बहुत कठिन तैयार किया है। फिजिक्स-कैमेस्ट्री सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा है। पेपर ऐसा तैयार किया है कि जैसे हमसे बदला लिया जा रहा है, पेपर लीक उनकी गलती से हुआ और सजा हम स्टूडेंट्स को दी जा रही है। सेंटरों पर दस्तावेजों की जांच, मेटल डिटेक्टर से स्क्रीनिंग और अंत में बायोमीट्रिक सत्यापन किया गया।

**अनामिका शाह, छात्रा**

## जैकेट का शेष...

### 3 मई को सिस्टम...

पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे। केंद्रों पर लोहे के बटन वाली पैंट पहनकर आए विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जबकि लोअर या प्लास्टिक बटन वाले कपड़ों की अनुमति रही। केंद्रों पर सख्त जांच के दौरान पानी की बोतलों के रैपर हटवाए गए। कई छात्राओं को नथ, टॉप्स और अन्य आभूषण उतारने पड़े, जबकि छात्रों के कलावे और धातु वाली वस्तुएं भी बाहर रखवाई गईं। कुछ केंद्रो पर जूते बाहर रखवाए गए, ऐसे में विद्यार्थी नंगे पैर ही परीक्षा कक्ष में पहुंचे। इस दौरान पहले दस्तावेजों की जांच, फिर मेटल डिटेक्टर से स्क्रीनिंग और अंत में बायोमीट्रिक सत्यापन किया गया। जैमर व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई और शाम 5:15 बजे के तक चली। जानकारी के अनुसार, भोपाल के 32 केंद्रों पर 12 हजार 303 और प्रदेशभर के 283 केंद्रो पर करीब 1.18 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### 20-30 सेकंड...

पहुंचे, तब तक दोपहर 1:30 बजे के बाद परीक्षा केंद्र का गेट बंद हो चुका था। भोपाल के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में भी ऐसे मामले नजर आए।

### पेपर देकर बोले ...

का पेपर आसान रहा और अधिकांश सवाल पाठ्यक्रम आधारित थे। कई परीक्षा केंद्र के बाहर कई अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने से पहले अंतिम रिवीजन करते नजर आए।

### देश में 22 लाख...

सत्यापन कर्मी तैनात रहे। इस बार भारत के 551 शहरों में 5,440 परीक्षा केंद्र और विदेशों में 14 केंद्र बनाए गए थे। कुल 95,000 से अधिक कमरों में आयोजित हुई इस परीक्षा की लाइव मॉनिटरिंग के लिए 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। यह परीक्षा अंग्रेजी समेत 12 भारतीय भाषाओं में आयोजित की गई।

### अस्पताल की ड्रेस...

देने के लिए तैयार है, बस उसे ग्राउंड फ्लोर पर अलग कमरे की अनुमति दी जाए। शिक्षा मंत्री ने इस भावुक अपील पर तुरंत संज्ञान लेते हुए एनटीए और स्थानीय प्रशासन को विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके बाद कोलकाता के बिनोदिनी गर्ल्स हाई स्कूल केंद्र पर सृष्टि के लिए ग्राउंड फ्लोर पर एक स्पेशल रूम और जरूरी इंतजाम किए गए। तमाम दिक्कतों और ऑक्सीजन सपोर्ट के बीच सृष्टि अस्पताल की ड्रेस में परीक्षा केंद्र पहुंचीं और पूरी बहादुरी से परीक्षा दी। इस दौरान प्रधान ने उनके मां-पिता से भी बात की।

### हिजाब पहनकर पहुंची...

ब्यावर से आई परीक्षार्थी कुलसुम को केंद्र में प्रवेश करने से रोक दिया। कुलसुम के पिता ने प्रशासन पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी दूसरी बेटी को अन्य केंद्र पर हिजाब के साथ आसानी से प्रवेश मिल गया, तो यहां क्यों रोका जा रहा है? काफी देर तक चले हंगामे और अधिकारियों व परिजनों के बीच हुई लंबी बातचीत के बाद बीच का रास्ता निकाला गया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा छात्रा की पूरी और गहनता से जांच करने के बाद उसे शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई।

### नीट री-एग्जाम...

आधार परीक्षा का अत्यधिक मानसिक दबाव और असफल होने का डर माना जा रहा है। तमिलनाडु के होसुर में रहने वाले 20 वर्षीय छात्र सी. वेट्रियानंथम सुसाइड नोट में लिखा कि नीट के डर से पिछले एक महीने से मुझे नींद नहीं आ रही थी। दोबारा असफल होने के डर से यह कदम उठा रहा हूं। हैदराबाद के मियापुर में अपनी बहनों के साथ रह रही 19 वर्षीय छात्रा ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### 37 जिलों में आंधी ...

बारिश हुई। मौसम विभाग ने सोमवार को भोपाल सहित विदिशा, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, सीहोर, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, आगर-मालवा, उज्जैन, रतलाम, नीमच और मंदसौर में बारिश का अनुमान जताया है।

## पेज एक का शेष...

### योग के लिए...

पूरा देश योग की उर्जा के चैत्नय से भरा हुआ नजर आ रहा है। पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ दिख रहा है। यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने...

स्तरीय योग कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस मौके पर योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य मंत्री मौजूद थे। इस कार्यक्रम में करीब 5 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। इसी तरह समूचे प्रदेश में योग दिवस पर कार्यक्रम हुए। भोपाल में लोकभवन, लालपरेड ग्राउंड समेत सभी स्कूल कॉलेजों में योग के कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब योग मानवता को शांति, संतुलन, समरसता और सामूहिक कल्याण का मार्ग दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### डिग्री को राष्ट्र ...

एक से अधिक स्वर्ण पदक अर्जित करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया और उपाधियों का वितरण किया।
कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 141 विद्यार्थियों को 240 स्वर्ण पदकों का वितरण किया गया। 182 शोधार्थियों को पीएचडी सहित विभिन्न उपाधियां प्रदान की। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे समेत अन्य विधायक, वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत@2047 का सपना तभी साकार होगा, जब समाज के अंतिम व्यक्ति और पिछड़े समुदायों को भी विकास की मुख्यधारा में लाया जाएगा।

### बेटियों की सफलता...

अर्जित करना प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। विशेष रूप से छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों की सफलता न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

### सी फूड फैक्ट्री ...

गंभीर रूप से प्रभावित 9 मरीजों को एंबुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर किया गया है। 11 मरीजों को वेंटिलेटर सपोर्ट पर और करीब 16 मरीजों को इंट्यूबेट किया गया है। शुरुआती जांच के मुताबिक, फैक्ट्री के एक वॉल्व में आई खराबी के कारण अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। अब सुरक्षा मानकों के पालन और संभावित लापरवाही के कोण से जांच की जा रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

### मौके पर एनडीआरएफ ....

जो गैस रिसाव को नियंत्रित करने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में जुटी है।

### '300 करोड़' की...

प्राथमिक तौर पर मौके पर ही 1 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में जमा करा दिए हैं। यह पूरी कार्रवाई सतना शहर के पुष्करणी पार्क के पास स्थित एक कॉलोनी में की गई। खास बात यह है कि ये तीनों फर्में एक ही पते से संचालित हो रही थीं और इनके डायरेक्टर (निदेशक) भी एक ही हैं। इन कंपनियों के नाम गायजेक प्राइवेट लिमिटेड, खेलब्रो प्राइवेट लिमिटेड और स्किलब्रो प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

### स्थानीय पुलिस-ऑफिस...

जीएसटी अधिनियम की धारा 67 के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने इन फर्मों के कारोबार, बैंक खातों और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े तमाम अहम दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। शनिवार रात की जांच के बाद टीम सभी कड़ियों और फाइलों को अपने साथ जबलपुर मुख्यालय ले गई है, जहां इनकी गहन स्क्रूटनी की जा रही है।

### किसानों ने रोका...

रुकने पर जब कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भले ही हम कांग्रेस पार्टी से हैं, लेकिन देश के कृषि मंत्री होने के नाते आप हमारे भी प्रतिनिधि हैं। इस पर चौहान ने सहजता से जवाब दिया- मैं जनता का प्रतिनिधि हूं, इसलिए सबका हूं... आपका भी प्रतिनिधि हूं। प्रदर्शनकारियों ने कृषि मंत्री को बताया कि पिछले 15 दिनों से किसान खाद की किल्लत और अन्य कृषि कार्यों के लिए परेशान हैं। डिजिटल पोर्टल का सर्वर लगातार डाउन रहने के कारण किसानों को कई-कई घंटे कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। समस्याओं को सुनने के बाद कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिस पर चौहान ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उधर, नीमच जिले के जावद क्षेत्र में हालात और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए। यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा को जनता के भारी विरोध और गुस्से का सामना करना पड़ा। माहौल बिगड़ता देख विधायक सकलेचा को कार्यक्रम बीच में ही अधूरा छोड़कर वहां से सुरक्षित निकलना पड़ा।

### अधिवक्ता मेहता 2029 ....

2020, 2023 और अब 2026 में सेवा विस्तार मिला है। तुषार मेहता के साथ-साथ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में उनकी विधिक टीम के 5 अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) का कार्यकाल भी अगले 3 साल के लिए बढ़ा दिया है। इन अधिकारियों में विक्रमजीत बनर्जी, के एम नटराज, सूर्यप्रकाश वी. राजू (एसवी राजू), एन. वेंकटरामन और ऐश्वर्या भाटी शामिल हैं। इसके अलावा, दिल्ली हाईकोर्ट के एएसजी चेतन शर्मा का कार्यकाल भी अगले 6 महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। यह फैसला शीर्ष अदालतों में केंद्र सरकार के कानूनी पक्ष को मजबूती और निरंतरता देने के लिए लिया गया है।

### सीबीएसई 12वीं री...

ने मार्क्स वेरिफिकेशन, री-असेसमेंट और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन किया था, उनकी स्क्रूटनी का काम अंतिम चरण में है। शिक्षा मंत्री ने छात्रों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बोर्ड बहुत जल्द ये नतीजे जारी करेगा ताकि छात्रों की आगे की पढ़ाई या परीक्षाओं में कोई बाधा न आए। सीबीएसई की 12वीं कक्षा की कंपार्टमेंट (सप्लीमेंट्री) परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू न होने से देश भर के छात्र और अभिभावक असमंजस में हैं। बोर्ड के तय शेड्यूल के मुताबिक, लिस्ट ऑफ कैंडिडेट तैयार करने और आवेदन की प्रक्रिया 2 जून से शुरू होनी थी, लेकिन जून का तीसरा हफ्ता बीतने के बाद भी कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है।
इस साल 12वीं में 1.68 लाख से अधिक छात्रों की कंपार्टमेंट आई है। बोर्ड ने पहले 15 जुलाई से परीक्षाएं कराने की घोषणा की थी, लेकिन अब हो रही देरी से छात्र परीक्षा समय पर होने को लेकर चिंतित हैं।

### रेलवे इस्तेमाल ....

ऑफ परमानेंट वे नाम की एक हाईटेक प्रणाली की तैयारी कर रही है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यह रोबोटिक मॉडल अभी तैयार नहीं हुआ है। तैयार होने के बाद इसका ट्रायल पूर्वोत्तर रेलवे में किया जाएगा और अगर यह सफल रहा तो फिर इसे देशभर में लागू किया जाएगा।
दरअसल, पूर्वोत्तर रेलवे के कई रेलमार्ग पहाड़ी इलाके, जंगलों और ऐसे इलाकों से गुजरतें हैं, जहां भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याएं होती हैं। इन जगहों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर असम और पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में बाढ़ के दौरान कई बार ट्रैक के नीचे की मिट्टी कमजोर हो जाती है। ऐसे में एआई आधारित सिस्टम ट्रैक होने वाले छोटे बदलावों को भी पहचान सकेगा और समय रहते मरम्मत की जा सकेगी।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जयप्रकाश जिला-चिकित्सालय भोपाल, (मध्यप्रदेश), (1250, तुलसी नगर भोपाल, परिसर, भोपाल)**
JP HOSPITAL
क्र/ज.प्र.जि.चि./भण्डार/2026/21375 भोपाल दिनांक : 19/06/26
**// निविदा सूचना (द्वितीय अवसर) //**
जयप्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल मे औषधि फेक्टर 9, 600 आई यू उपार्जन हेतु एम पी टेण्डर पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा मे इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन निविदा जमा कर सकते है। निविदा से संबंधित शर्ते, नियम, संशोधित पत्र आदि का ब्यौरा समय समय पर MP Tender Portal Web Site https://mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन देखा जा सकता हैं। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन तिथि | 19-06-2026, 05:30 PM |
| 2. | दस्तावेज डाउनलोड / विक्रय प्रारंभ तिथि | 19-06-2026, 05:45 PM |
| 3. | दस्तावेज डाउनलोड / विक्रय समाप्ति तिथि | 24-06-2026, 11:00 AM |
| 4. | निविदा (बिड) जमा करने की प्रारंभ तिथि | 20-06-2026, 10:30 AM |
| 5. | निविदा (बिड) जमा करने की अंतिम तिथि. | 25-06-2026, 03:00 PM |
| 6. | प्री-बिड बैठक की तिथि | 22-06-2026, 04:00 PM |
| 7. | तकनीकी निविदा (बिड) खोलने की तिथि | 27-06-2026, 01:30 PM |
| 8. | वित्तीय निविदा (बिड) खोलने की तिथि | समिति द्वारा निर्धारित |

जी - 14704/26 स्वच्छता ही सेवा है।
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जयप्रकाश जिला-चिकित्सालय भोपाल (म.प्र.)



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रॉपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाएं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)
PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर
COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein! Solar Lagaye
3.3kW Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER
HURRY UP!
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE, adani Solar, ECE INDIA
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
Contact us 99932-41867
Aura Mall, Bhopal, 462010
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है।
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
ONLY LIBRARY 299/-
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644, फोन नं. 0755-4049924

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** - मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** - पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** - संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** - आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** - आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** - मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** - आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** - मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** - आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** - मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** - मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** - मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 6264



बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2,1,2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -6263 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6274

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6273 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

**सरकार ने अक्टूबर 2023 में मंडी शुल्क को 1.5 % से घटाकर 1 % किया था, लेकिन अब फिर से 1.5% कर दिया**

# मंडी टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में कल भोपाल सहित प्रदेश की मंडियां बंद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों में मंडी शुल्क (मंडी टैक्स) को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के विरोध में राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर के व्यापारियों ने 23 जून को मंडियां बंद रखने का निर्णय लिया है। जिसके चलते भोपाल मंडी सहित प्रदेशभर प्रमुख मंडियों में अनाज नीलामी सहित समस्त व्यापार ठप्प रहेगा।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी , प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि प्रदेश स्तरीय व्यापारिक संगठन सकल अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ के आह्वान पर व्यापारिक संगठनों और किसान प्रतिनिधियों ने इस फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहाकि मंडी शुल्क में बढ़ोतरी से कृषि व्यापार की लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर किसानों और व्यापारियों दोनों पर पड़ेगा। ज्ञात हो कि सरकार ने अक्टूबर 2023 में मंडी शुल्क को 1.5 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया था, लेकिन अब इसे फिर से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। यह नई दर 15 जून 2026 से पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है। अनाज कारोबारी समीर भार्गव ने कहा कि भले ही कागजों में यह शुल्क व्यापारियों और खरीदारों से वसूला जाएगा, लेकिन बढ़ी हुई लागत का बोझ अंततः किसानों पर पड़ेगा। उनका आरोप है कि व्यापारी बढ़े हुए खर्च की भरपाई उपज के खरीदी मूल्य में कटौती करके करेंगे, जिससे किसानों को कम कीमत मिलेगी। सकल अनाज, दलहन एवं तिलहन व्यापारी महासंघ का कहना है कि देश के कई राज्यों में मंडी शुल्क 1 प्रतिशत या उससे कम है। ऐसे में मध्य प्रदेश में अधिक शुल्क लागू होने से यहां के व्यापारी अन्य राज्यों के कारोबारियों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में कमजोर पड़ सकते हैं। महासंघ के अध्यक्ष गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि इस विषय पर मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा चल रही थी, लेकिन अचानक शुल्क बढ़ाने का निर्णय लेकर उसे लागू कर दिया गया। वहीं, ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने व्यापारियों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की है।

**खास बातें**

- हड़ताल को व्यापारिक संगठनों और किसान प्रतिनिधियों का समर्थन
- टैक्स वृद्धि का सीधा असर किसानों और व्यापारियों दोनों पर पड़ेगा



करोंद अनाज मंडी प्रवेश द्वार

## बैठक में अधिकारियों पर लगाए आरोप

व्यापारियों की हुई बैठक में व्यापारियों ने मंडी अधिकारियों पर कथित वसूली और रिश्वतखोरी के आरोप भी लगाए । व्यापारिक प्रतिनिधियों ने कहा कि बढ़े हुए शुल्क का लाभ किसानों को नहीं मिलेगा, जबकि व्यापारियों और किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ेगा।

## सरकार से पुनर्विचार की मांग

व्यापारिक संगठनों ने मोहन सरकार से मांग की है कि महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों की तर्ज पर पूरे देश में समान कर व्यवस्था लागू की जाए, ताकि कृषि व्यापार में समान प्रतिस्पर्धा बनी रहे। व्यापारियों का मानना है कि किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए टैक्स वृद्धि वापस लेना आवश्यक है, अन्यथा कृषि व्यापार और मंडी व्यवस्था दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

**एमएसएमई उद्यमियों को मिला ऋण लाभ**

# ईसीएलजीएस 5.0 आउटरीच कार्यक्रम, 200 प्रतिभागी आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी ), मध्यप्रदेश द्वारा वित्तीय सेवा विभाग , राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यासी कंपनी लिमिटेड , अग्रणी बैंकों तथा जनसमर्थ/पीएसबी अलायंस के सहयोग से ईसीएलजीएस 5.0 योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता के लिए ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, विजय नगर, इंदौर में एक भव्य आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें बैंक प्रतिनिधि, उद्योग संगठन, एमएसएमई उद्यमी तथा विभिन्न हितधारक शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों एवं वक्ताओं में सुमन कुमार सिंह उप महाप्रबंधक, शैलेंद्र कुमार अवर सचिव, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त




मंत्रालय, भारत सरकार वर्चुअल माध्यम, तरुण व्यास सचिव, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, गौरव गोयल विकास एवं सुविधा कार्यालय, इंदौर, स्वप्निल गर्ग महाप्रबंधक, जोस के. एंटनी उप महाप्रबंधक, केनरा बैंक, अभिषेक मालवीय सहायक महाप्रबंधक, कुलदीप सिंह तथा आशीष कटियार शामिल रहे। संबोधन में सुमन कुमार सिंह ने कहा कि ईसीएलजीएस 5.0 योजना एमएसएमई क्षेत्र को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने, कार्यशील पूंजी की जरूरतें पूरी करने तथा रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर में 'महा योगाभ्यास' का आयोजन, 500 से विद्यार्थियों ने किया योग




**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तीनों आयुर्वेद महाविद्यालयों द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक 'महा योगाभ्यास' का आयोजन किया गया। 'स्वस्थ आयु के लिए योग' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था कार्यक्रम का आयोजन बिलकिसगंज और हिनोतिया आलम परिसर में किया गया, जिसमें करीब 500 विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा, आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वाष्णेय, मध्य प्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा तथा आरोग्य भारती के मिहिर जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मानसरोवर समूह के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी गौरव तिवारी और कुलगुरु डॉ. ए.एस. यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर तीनों आयुर्वेद महाविद्यालयों द्वारा प्रकाशित 'दीक्षारंभ पुस्तिका' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मानसरोवर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत, श्री साई इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन की प्राचार्या डॉ. मनीषा राठी तथा फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ. श्रीकांत पटेल सहित बड़ी संख्या में विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### नर्मदा अपना अस्पताल के तपोवन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**भोपाल।** विश्व योग दिवस के अवसर पर नर्मदा अपना अस्पताल परिसर स्थित तपोवन में आरोग्य भारती मध्यभारत प्रांत एवं नर्मदा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंस के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग एवं प्राणायाम किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश शर्मा तथा सारस्वत अतिथि मुकेश दीक्षित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात पंडित प्रमोद शास्त्री द्वारा धन्वंतरि स्तवन प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि योग केवल आसन और प्राणायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वह अवस्था है जिसमें व्यक्ति परम आनंद की अनुभूति करता है। वहीं मुकेश दीक्षित ने कहा कि आरोग्य भारती आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े 27 से अधिक आयामों पर कार्य कर रही है, जिनमें योग एक महत्वपूर्ण आयाम है। कार्यक्रम में योगाचार्य एवं आरोग्य भारती के जिला सचिव राकेश चौहान ने योगाचार्य संध्या चौहान, सुचित्ता चौहान और मोनिका राजपूत के साथ मिलकर उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

### पीपुल्स यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना

**भोपाल।** पीपुल्स यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ किया गया। विश्वविद्यालय के एनसीसी एवं स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, विभिन्न संस्थानों के प्रमुखों (एचओआई) तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रुचि शुक्ला थीं। योग प्रदर्शन का संचालन शिवम तिवारी एवं नीलम तिवारी ने किया। उनके निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कर योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर योगाचार्यों ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विभिन्न बीमारियों के अनुसार उपयुक्त योगासनों की जानकारी भी दी गई। पीपुल्स यूनिवर्सिटी की प्रो-चांसलर मेघा विजयवर्गीय ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है।

### 'फॉर्मल कम्युनिकेशन एवं जनरल एटीकेट्स' पर कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** अभियांत्रिकी संकाय द्वारा आरके मेमोरियल हॉल में ऑफिस के माहौल में औपचारिक बातचीत और सामान्य शिष्टाचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विशेष रूप से बीटेक षष्ठम सेमेस्टर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी।



कार्यक्रम की विशेषज्ञ वक्ता प्रो. योगिता यश रावत ने विद्यार्थियों को कार्यालयीन वातावरण में प्रभावी संचार कौशल, व्यावसायिक व्यवहार, व्यक्तित्व विकास तथा सामान्य शिष्टाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने विद्यार्थियों के रवैया, पेशेवर कौशल और ग्रूमिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि व्यावसायिक जीवन में इन गुणों का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. विजयकांत पाण्डेय द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विशेषज्ञ वक्ता से संवाद किया तथा अपने विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अशोक कुमार झाला ने अतिथि वक्ता एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### 39वें दीक्षारंभ समारोह के साथ बिमटेक में 2026-28 बैच की नई शुरुआत

**भोपाल।** बिडला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने वर्ष 2026-28 में बैचलर का स्वागत किया। संस्थान ने अपने ग्रेटर पेट्रोलियम में 39वें 'दीक्षारंभ' समारोह के माध्यम से नए बालकों का अभिनय के रूप में स्वागत किया। छात्र संस्थानों के चार प्रमुख




दो साल फुल-टाइम प्रोग्राम्स - पीजीडीएम, पीजीडीएम , पीजीडीएम और पीजीडीएम में दाखिला ले चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद भंडारी, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, गुडइयर इंडिया लिमिटेड तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बद्री नारायण एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डेलॉयट इंडिया उपस्थित रहे। नए बैच का स्वागत करते हुए, डॉ. प्रबीना राजिब , डायरेक्टर, बिमटेक ने कहाकि बिमटेक परिवार में नए बैच के स्वागत क में कहाकि सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती हूं कि वे अगले 22 महीनों को सीखने, आत्म-खोज और विकास की एक परिवर्तनकारी यात्रा के रूप में देखें।

### आईआईटी मंडी के 14वें दीक्षांत समारोह में 643 विद्यार्थियों को मिली डिग्रियां

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने अपने 14वें दीक्षांत समारोह का आयोजन उत्तर परिसर, कमांड घाटी में किया। इस अवसर पर कुल 643 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 63 पीएचडी शोधार्थी, 259 स्नातकोत्तर और 321 स्नातक विद्यार्थी शामिल रहे। संस्थान के इतिहास में पहली बार सबसे बड़ा बीटेक बैच स्नातक हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मेंबी. के. गोयनका उपस्थित रहे, जबकि वी. कामाकोटि और रंगन बनर्जी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की तैयारी कंवलजीत सिंह ढिल्लों ने की। मुख्य अतिथि बी.के. गोयनका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में मौलिकता, साहस और निरंतर सीखने की क्षमता ही सफलता की कुंजी होगी।

### सीओएआई की वार्षिक आम सभा की बैठक 2026 संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत डिजिटल संचार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग निकाय सीओएआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक आम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न की। इस बैठक में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की समीक्षा, उभरती प्राथमिकताओं पर चर्चा करने और भारत के डिजिटल संचार पारितंत्र को मजबूत करने की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा के लिए सीओएआई के सदस्य एकत्रित हुए। इस बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए सीओएआई नेतृत्व की भी घोषणा की गई। भारती एयरटेल लिमिटेड के मुख्य नियामकीय अधिकारी और निदेशक राहुल वत्स सीओएआई के चेयरपर्सन होंगे, जबकि रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के मुख्य नियामकीय अधिकारी डाक्टर रवि पी. गांधी वाइस चेयरमैन के तौर पर सेवाएं देंगे। राहुल वत्स दूरसंचार उद्योग के दिग्गज हैं जिन्हें दूरसंचार एवं प्रसारण लाइसेंसिंग, आर्थिक नियमन, स्पेक्ट्रम प्रबंधन और नियामकीय मुकदमों का 29 वर्षों का अनुभव है। भारती एयरटेल के मुख्य नियामकीय अधिकारी के तौर पर वह कंपनी के सरकारी संबंधों और डिजिटल कारोबारों में नीति एवं नियामकीय कार्यों का नेतृत्व करते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी रामदेव का 'योगमय राष्ट्र व योगमय विश्व' का आह्वान**

# रामदेव ने योग को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाया, दुनिया के योगगुरु बने : सीएम नायडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयवाड़ा

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आंध्र प्रदेश के कृष्णा नदी क्षेत्र, अमरावती (विजयवाड़ा) में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने 'योगमय राष्ट्र और योगमय विश्व' का आह्वान करते हुए योग को वैश्विक जीवनशैली बनाने पर जोर दिया। यह कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ एवं आंध्र प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें आचार्य बालकृष्ण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रही। सुबह से ही शुरू हुए इस आयोजन में हजारों योग साधकों ने भाग लिया। सरकारी योग प्रोटोकॉल के अनुसार 45 मिनट की मानकीकृत योग दिनचर्या का पालन करते हुए प्रार्थना, विभिन्न शारीरिक क्रियाएं, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास शामिल रहा।

## पतंजलि शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने दिखाया योग का दम

**सुबह इस आयोजन में हजारों योग साधक हुए शामिल**

**योग को हर घर में पहुंचाकर जन आंदोलन बनाना है**


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम् व पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योग स्तूप (मलखम्भ योग), रज्जु योग के साथ-साथ सामान्य योग प्रक्रियाओं व एडवांस योग का श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया। उन्होंने कठिन आसनों को सरलता से करते हुए योग के क्षेत्र में पतंजलि के योगदान को परिभाषित किया।

## मोदी की प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मिली मान्यता

स्वामी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संभव हो पाया। उनके प्रयासों से विश्व के 177 देशों ने एक प्रस्ताव लाकर योग दिवस की परिकल्पना को साकार रूप दिया। उन्होंने मोदी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा व संकल्प से आज देश विकसित भारत, स्वस्थ, समृद्ध, परम वैभवशाली, जगतगुरु, विश्वगुरु भारत की ओर अग्रसर है।

### योग को जीवन का विज्ञान बताया

रामदेव ने कहा कि योग भारत के ऋषियों की अमूल्य विरासत, विज्ञान और योगदान है, जिसे आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि योग केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है योगियों के लिए साधना, आमजन के लिए जीवन पद्धति और रोगियों के लिए एक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति।

### आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री का विजन

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य योग को राज्य के हर घर तक पहुंचाकर इसे जनआंदोलन बनाना है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को केवल टेक्नोलॉजी हब नहीं, बल्कि स्पिरिचुअल और वेलनेस हब के रूप में विकसित किया जाएगा।उन्होंने स्वामी रामदेव को योग को वैश्विक पहचान दिलाने वाला व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि वे न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के योगगुरु हैं।

**उद्देश्य गवर्नेंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन को मजबूत बनाना**

# आईटीईआर के छात्रों ने स्टेटथॉन 2025-26 में खिताब जीता, एसओए यूनिवर्सिटी का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

इनोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च(आईटीईआर) के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगितास्टेटथॉन2025–26 का खिताब अपने नाम कर लिया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के सहयोग से आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर गवर्नेंस और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन को मजबूत बनाना था। इस प्रतियोगिता में देशभर की प्रमुख यूनिवर्सिटीज़ और तकनीकी संस्थानों से 5,300 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद केवल 25 टीमों और लगभग 125 छात्रों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया, जो 17 और 18 जून को फरीदाबाद के मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ में आयोजित हुआ।

फाइनल मुकाबले में आईटीईआर, एसओए की टीम हैकनोट्रिक्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब और 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया। टीम ने 'डेटा कलेक्शन चैलेंज' श्रेणी में भाग लेते हुए अपने प्रोजेक्ट 'एआई-पावर्ड स्मार्ट सर्वे टूल फॉर सर्वे डेटा कलेक्शन' के माध्यम से जूरी को प्रभावित किया। विजेता टीम का नेतृत्व निशांत शंकर स्वैन ने किया।

**समस्याओं के समाधान का पाठक ने लिया संकल्प**

# ट्रांसपोर्ट नगर में नवनियुक्त परिवहन प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

परिवहन प्रकोष्ठ के पदाधिकारी युवराज सिंह राय के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ भोपाल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अखिलेश पाठक का ट्रांसपोर्ट नगर, कोकता में भव्य स्वागत हुआ।

इस अवसर पर परिवहन प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शतीश शर्मा, कमलप्रीत विक्की लांबा, अपूर्व भदौरिया ,एजाज खान, दिनेश गुर्जर, लोकेंद्र शर्मा, उपेंद्र शर्मा, प्रशांत शर्मा, अमीश पाठक, फराज खान, अकबर खान, प्रवीण शुक्ला, जसबीर सिंह, शलमान खान,महेश पटेल, एहसान खान, कल्याण



सिंह,आकाश ठाकुर सहित कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। युवराज सिंह राय ने कहा कि पाठक के नेतृत्व परिवहन प्रकोष्ठ संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

# 'भारत बिल्डकॉन 2026' निर्यात और नवाचार के नए अवसर : मांडविया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के निर्माण, बिल्डिंग मटेरियल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की प्रमुख प्रदर्शनी भारत बिल्डकॉन 2026 ने उद्योग जगत का ध्यान आकर्षित किया है। यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदर्शनी का दौरा किया और इसे अत्यंत सफल और प्रभावशाली मंच बताया।

मांडविया ने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शनी में पहले दो दिनों में ही पिछले संस्करण की कुल उपस्थिति से अधिक आगंतुक पहुंचे हैं, जो भारत के निर्माण क्षेत्र की बढ़ती ताकत और वैश्विक आकर्षण को




दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय निर्माताओं के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विशाल अवसरों का संकेत है। इस आयोजन में 90 से अधिक देशों के खरीदार और भारत के 100 से अधिक शहरों से आए आर्किटेक्ट्स, बिल्डर्स, डेवलपर्स और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। भारत बिल्डकॉन के निदेशक विशाल आचार्य ने कहा कि विदेशी खरीदारों की बढ़ती भागीदारी भारत की विनिर्माण क्षमता में वैश्विक विश्वास को दर्शाती है, जबकि जितेंद्र कथीरिया ने इसे पूरे देश के लिए एक एकीकृत व्यापार मंच बताया।

**कई शहरों में पहुंचेगी वित्तीय शिक्षा**

# मप्र में निवेशकों को जागरुक करेगी केनरा रोबेको की 'निवेश बस यात्रा'

**निवेशकों को म्यूचुअल फंड और विभिन्न पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निवेशकों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केनरा रोबेको एएमसी) ने मध्य प्रदेश में 'निवेश बस यात्रा' शुरू करने की घोषणा की है।

यह पहल राज्य के विभिन्न शहरों में लोगों को निवेश संबंधी जानकारी प्रदान करेगी और इसका समापन ग्वालियर में किया जाएगा। कंपनी की यह विशेष बस यात्रा इंदौर




से शुरू होकर उज्जैन, देवास, भोपाल, जबलपुर सहित मध्य प्रदेश के कई प्रमुख शहरों का भ्रमण करेगी। इस दौरान आम लोगों और निवेशकों को म्यूचुअल फंड, वित्तीय योजना और निवेश के विभिन्न पहलुओं की सरल और व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला ने कहा कि वर्तमान बदलते वित्तीय परिदृश्य में निवेश संबंधी ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी का उद्देश्य निवेश से जुड़ी जानकारी को सरल, सुलभ और व्यावहारिक बनाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग वित्तीय योजना और निवेश की अवधारणाओं को आसानी से समझ सकें। रजनीश नरूला ने यह भी कहा कि इससे पहले यह 'निवेश बस यात्रा' केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू सहित कई राज्यों में सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। कंपनी के हेड-सेल्स एंड मार्केटिंग गौरव गोयल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य निवेशकों को व्यावहारिक और उपयोगी वित्तीय ज्ञान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है।

## चिंतन

# होर्मुज को हथियार नहीं बनाएं ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग रहने दें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल लगाने की चेतावनी देकर नया तनाव खड़ा कर दिया है। इससे एक बार फिर अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। चूंकि दुनिया के ऊर्जा व्यापार का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज से होकर ही गुजरता है। ट्रंप का यह फैसला खाड़ी देशों के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है। ऐसा होने पर दुनियाभर के देश ऊर्जा आपूर्ति के लिए दूसरे रास्ते तलाशने शुरू कर देंगे। ट्रंप के बयान ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। उनका तर्क है कि मध्य-पूर्व की सुरक्षा पर अमेरिका ने जो खर्च किया है, उसकी भरपाई इस शुल्क से की जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग को किसी देश की राजनीतिक या आर्थिक रणनीति का उपकरण बनाया जा सकता है? होर्मुज जलडमरूमध्य केवल एक समुद्री रास्ता नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी संकरे जलमार्ग से होकर गुजरता है। खाड़ी देशों से निकलने वाला कच्चा तेल एशिया, यूरोप और दुनिया के कई हिस्सों तक इसी रास्ते पहुंचता है। यदि यहां किसी प्रकार का अवरोध, टोल या सैन्य तनाव पैदा होता है तो उसका असर केवल क्षेत्रीय देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अमेरिका यदि सुरक्षा खर्च के नाम पर यहां टोल लगाने की कोशिश करता है तो यह अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और मुक्त व्यापार व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। समुद्री मार्ग किसी एक देश की जागीर नहीं होते। वे वैश्विक संपदा हैं, जिनका उपयोग अंतरराष्ट्रीय नियमों और पारस्परिक सहमति के आधार पर होता है। यदि शक्तिशाली देश अपनी सैन्य ताकत के आधार पर ऐसे मार्गों पर शुल्क लगाने लगे तो भविष्य में अन्य रणनीतिक समुद्री मार्गों पर भी इसी प्रकार के दावे सामने आ सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अस्थिरता बढ़ेगी। खाड़ी देशों के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है। उनकी अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर ऊर्जा निर्यात पर निर्भर करती है। अतिरिक्त शुल्क या राजनीतिक अनिश्चितता उनके निर्यात को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि क्षेत्र के अधिकांश देश चाहते हैं कि होर्मुज विवाद और शक्ति प्रदर्शन का मंच न बने, बल्कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री मार्ग बना रहे। भारत के लिए यह मुद्दा और भी अधिक महत्वपूर्ण है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। भारतीय तेल टैंकरों का सुरक्षित रूप से होर्मुज पार करना फिलहाल राहत की बात है, लेकिन यदि क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या टोल जैसी व्यवस्था लागू होती है तो इसका सीधा असर भारत की आयात लागत पर पड़ेगा। महंगा तेल परिवहन, उद्योग और आम उपभोक्ता की जेब पर भी बोझ बढ़ाता है। ऐसे में भारत जैसे विकासशील देशों के लिए ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज को राजनीतिक दबाव का हथियार बनने से रोके। इसे ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग ही रहने दें। दुनिया पहले ही आर्थिक अनिश्चितताओं, महंगाई और क्षेत्रीय संघर्षों से जूझ रही है। ऐसे में होर्मुज को नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा बनाना किसी के हित में नहीं होगा। बेहतर यही है कि इसे शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और आर्थिक स्थिरता के प्रतीक के रूप में देखा जाए। क्योंकि होर्मुज में पैदा होने वाली हलचल केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहती, उसकी लहरें पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं।



सीएम के ढाई साल

सुरेश पचौरी

# अब उभर रहा है 'विकसित मप्र'

भारत की राजनीति में विकास अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि सुशासन की कसौटी बन चुका है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी केंद्रीय योजनाओं और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन ने प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। आज मध्यप्रदेश विकास, सुशासन, नवाचार और जनभागीदारी का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

भारत की राजनीति में विकास अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि सुशासन की कसौटी बन चुका है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी केंद्रीय योजनाओं और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन ने प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। आज मध्यप्रदेश विकास, सुशासन, नवाचार और जनभागीदारी का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। मध्यप्रदेश की उपलब्धियां केवल सरकारी रिपोर्टों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां के करोड़ों नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की सशक्त कहानी भी हैं। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश अनेक केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 9 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत 82 लाख से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचना ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन का उदाहरण है। वहीं , आयुष्मान भारत योजना के तहत 4 करोड़ 46 लाख से अधिक कार्ड वितरित कर और 71 लाख से अधिक नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराकर प्रदेश ने स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम स्वनिधि और पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया आधार प्रदान किया है। किसान क्रेडिट कार्ड 6 लाख 50 हजार पशुपालकों को उपलब्ध हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 52 लाख महिलाओं को लाभ मिला जो देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है।

मध्यप्रदेश की पहचान कृषि प्रधान राज्य के रूप में रही है, लेकिन आज यह कृषि नवाचार और उत्पादन क्षमता के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका में दिखाई देता है। प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन व गेंहू उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि दलहन एवं तिलहन उत्पादन में प्रथम स्थान पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। मक्का उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य होने के साथ-साथ गेहूं, चना, उड़द और मसूर उत्पादन में भी मध्यप्रदेश शीर्ष राज्यों में शामिल है। एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रकरण स्वीकृत कर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 'एग्री स्टैक' परियोजना के तहत एक करोड़ से अधिक यूनिक फार्मर आईडी बनाकर मध्यप्रदेश भारत सरकार से शत-प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र राज्य बना है। यह उपलब्धि डिजिटल कृषि क्रांति की दिशा में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की गंभीरता को दर्शाती है।

इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है। जैसे मत्स्य पालन और पशुपालन के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश लगातार नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रभावी प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। देश का पहला



साइबर पंजीयन कार्यालय और सभी 55 जिलों में साइबर तहसील व्यवस्था लागू करना सुशासन की दिशा में क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। भारत नेट योजना के अंतर्गत 20,422 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाकर प्रदेश ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश आज डिजिटल प्रशासन और तकनीक आधारित सेवा वितरण में अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।

मध्यप्रदेश तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। एक वर्ष में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव आकर्षित करने वाला देश का तीसरा राज्य बनना इसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति का प्रमाण है। धार में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र का विकास तथा खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का संकेत है कि प्रदेश उद्योग और रोजगार सृजन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। इसके साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर' सम्मान प्राप्त होना उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं की स्वीकृति है। पर्यटकों के लिए अंतरराज्यीय हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाला यह देश का पहला राज्य है।

स्वच्छता के क्षेत्र में भी प्रदेश ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है, जबकि भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के चलते नशामुक्ति अभियान के प्रभावी संचालन और अब नक्सलवाद से पूर्ण मुक्ति प्राप्त करना प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विकास के नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की निर्णायक भूमिका के तहत आज का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्रिय नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। जनकल्याण, सुशासन, कृषि, उद्योग, डिजिटल नवाचार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। डबल इंजन की सरकार में यह केवल योजनाओं का सफल क्रियान्वयन नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, सरकार की प्रतिबद्धता और विकास की राजनीति का जीवंत उदाहरण है। मध्यप्रदेश आज उस विकसित भारत का प्रतिनिधि बनकर उभर रहा है, जो आत्मनिर्भर, समृद्ध, सुरक्षित और उज्जवल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ अग्रसर है।

प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को मजबूत करते हुए नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है। साथ ही, पुलिस और बिजली विभाग जैसे विभिन्न विभागों में हजारों पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने और भोपाल मेट्रो जैसी बड़ी परियोजनाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहना योजना का सफलतापूर्वक संचालन जारी है, जिसमें सहायता राशि में निरंतर वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लक्ष्य राज्य को एक विकसित मध्य प्रदेश के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए भोपाल के नए मास्टर प्लान और औद्योगिक गलियारों पर तेजी से काम किया जा रहा है। सिंहस्थ के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इंदौर-उज्जैन के बीच हाल ही में एक ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया गया है। इस हिसाब से ये ढाई साल ऐतिहासिक रहे हैं।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बड़ा मुद्दा

यश ओबेरॉय



# ये जिस्म झुककर बोझ से दोहरा हुआ क्यों...जरा सोचें

आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में लोग अपने काम, जिम्मेदारियों और उपलब्धियों पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन शरीर की सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक जोड़ों के स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। घुटनों में हल्का दर्द, लंबे समय तक बैठने के बाद अकड़न, कमर में परेशानी या सीढ़ियां चढ़ते समय असुविधा जैसी समस्याओं को लोग सामान्य थकान समझ लेते हैं। जबकि कई बार यही शरीर के शुरुआती संकेत होते हैं कि हमारे जोड़ (जोड़) लगातार दबाव झेल रहे हैं। मई में मनाया गया राष्ट्रीय अर्थराइटिस जागरूकता माह हमें यह याद दिलाता है कि गठिया (अर्थराइटिस) और जोड़ों की समस्याएं अब केवल बढ़ती उम्र की समस्या नहीं रह गई हैं। आज कम उम्र के लोग भी गलत खानपान, बढ़ते वजन, तनाव, लंबे समय तक बैठे रहने और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण जोड़ों की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हमारे जोड़ शरीर की हर गतिविधि का आधार हैं। चलना, झुकना, व्यायाम करना, वजन उठाना या सामान्य दिनचर्या निभाना हर काम में जोड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लेकिन आधुनिक जीवनशैली ने शरीर की प्राकृतिक गतिविधियों को कम कर दिया है, जबकि अस्वस्थ खानपान की आदतें और मोटापा लगातार बढ़ रहे हैं। यही दोनों चीजें जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। जोड़ों के स्वास्थ्य में सबसे महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर अनदेखा किया जाने वाला पहलू है पोषण। हम जो भोजन करते हैं, उसका सीधा असर शरीर की सूजन, हड्डियों की मजबूती, मांसपेशियों की रिकवरी और शरीर के वजन पर पड़ता है। अधिक प्रसंस्कृत भोजन (प्रोसेस्ड फूड), अत्यधिक चीनी, अस्वस्थ वसा और पोषणहीन भोजन धीरे-धीरे शरीर में सूजन बढ़ाकर जोड़ों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके विपरीत, संतुलित और पौष्टिक आहार जोड़ों की मजबूती और गतिशीलता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कैल्शियम, विटामिन डी, मैग्नीशियम, प्रोटीन और कोलेजन जैसे पोषक तत्व हड्डियों, उपास्थि (कार्टिलेज), स्नायुबंधन (लिगामेंट्स) और मांसपेशियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं। विशेष रूप से कोलेजन शरीर का एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक प्रोटीन है, जो जोड़ों और संयोजी ऊतकों (कनेक्टिव टिश्यूज) की मजबूती तथा लचीलेपन बनाए रखने में सहायता करता है। उम्र बढ़ने, तनाव और गलत जीवनशैली के कारण शरीर में प्राकृतिक कोलेजन उत्पादन धीरे-धीरे कम होने लगता है, जिससे जोड़ों में अकड़न और असुविधा बढ़ सकती है। इसलिए कोलेजन-सहायक पोषण और पर्याप्त प्रोटीन का सेवन, जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक माने जाते हैं। इसके साथ-साथ पानी की पर्याप्त मात्रा लेना भी जरूरी है। सही जलयोजन (हाइड्रेशन) जोड़ों की चिकनाई (ल्यूब्रिकेशन) बनाए रखने में मदद करता है। ताजे फल, हरी सब्जियां, मेवे और प्राकृतिक सूजनरोधी (एंटी-इन्फ्लेमेटरी) खाद्य पदार्थ शरीर को बेहतर रिकवरी देने में सहायक हो सकते हैं।

वजन नियंत्रण भी जोड़ों के स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि शरीर का अतिरिक्त वजन घुटनों और कूल्हों जैसे वजन उठाने वाले जोड़ों पर अत्यधिक दबाव डालता है। कई लोगों को केवल थोड़ा वजन कम करने से ही चलने-फिरने में राहत और लचीलेपन का अहसास होने लगता है। पोषण के साथ नियमित शारीरिक गतिविधि भी उतनी ही आवश्यक है। रोज़ाना पैर चलना (वॉकिंग), खिंचाव (स्ट्रेचिंग), योग, साइकिल चलाना और हल्की ताकत बढ़ाने वाली कसरतें (स्ट्रेंथ एक्सरसाइज) मांसपेशियों को मजबूत बनाती हैं और जोड़ों पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव को कम करती हैं। अच्छा स्वास्थ्य किसी एक बड़े बदलाव से नहीं बनता, बल्कि रोज़ की छोटी-छोटी अच्छी आदतों से तैयार होता है- संतुलित भोजन, नियमित गतिविधि, पर्याप्त नींद और समय रहते शरीर के संकेतों को समझना। राष्ट्रीय अर्थराइटिस जागरूकता माह केवल बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह लोगों को बचावकारी जीवनशैली (प्रिवेंटिव लाइफस्टाइल) अपनाने के लिए प्रेरित करने का समय भी है, ताकि वे लंबे समय तक सक्रिय, आत्मनिर्भर और ऊर्जावान जीवन जी सकें। क्योंकि स्वस्थ जोड़ केवल शरीर को नहीं चलाते वे जीवन को सक्रिय बनाए रखते हैं।

(लेखक न्यूट्रिशन व फिटनेस प्रेरक)

# पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित

दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## सटाका




## आज की पाती

### अपराध की दुनिया में महिलाओं की सक्रियता

आधुनिक डिजिटल युग में देश जैसे-जैसे स्मार्ट और तकनीकी रूप से उन्नत होता जा रहा है, वैसे-वैसे अपराधों की संख्या और उन्हें अंजाम देने के तौर तरीकों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध जगत में महिलाओं की भागीदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में कम है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में इसमें आई बढ़ोतरी निश्चित रूप से चिंतन और चिंता का विषय है। वर्तमान समय में महिलाओं की अपराधों में संलिप्तता केवल परिवार के पुरुष सदस्यों के अवैध कारोबार में सहयोग करने तक सीमित नहीं रह गई है। मादक पदार्थों की तस्करी, आर्थिक अपराध, साइबर धोखाधड़ी, बच्चों की चोरी, मानव तस्करी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले सामने आ रहे हैं। इस संबंध में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

*- समीक्षा जैन, हिसार*

## ट्रेंड

### महिला हॉकी टीम को बधाई



भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया और खुशियां दीं ! एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप जीतने पर महिला टीम को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। टीम को बहुत शुभकामनाएं।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### मां के नाम एक पेड़



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर "मां के नाम एक पेड़" अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। आइए, ग्रीन वॉरियर बनकर जन-भागीदारी के साथ इस अभियान से जुड़ें और एक हरित, स्वस्थ और विकसित दिल्ली बनाने में योगदान दें।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### स्वस्थ समाज का निर्माण



देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू योग को शारीरिक स्वास्थ्य और चेतना के उत्कर्ष का माध्यम मानते थे। हम उनके विचारों को आत्मसात कर स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### हिंदुओं की आस्था का केंद्र



राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। उसी राम मंदिर से करोड़ों रुपये का दान चोरी हो गया, फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस पाप में शामिल लोग चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, उन्हें सीधे जेल में डाल देना चाहिए। करोड़ों लोगों की आस्था की रक्षा करना ज़रूरी है।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में योग प्रेमियों ने योग दिवस मनाया



सिंगापुर में रविवार को एक राज्य मंत्री और भारतीय मूल के लोगों समेत सैकड़ों योग प्रेमियों ने उत्साह और समावेशन की भावना के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में अपनाए जाने के बाद से, हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल के कार्यक्रम का विषय ' बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग' है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत भारत के उच्चायोग ने इस प्राचीन अभ्यास को लोगों के करीब लाने के लिए कई आरंभिक कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए। इस मौके पर सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पाक अंबुले ने कहा, 'सिंगापुर ने बहुसंस्कृतिवाद , कल्याण और संपोषणीय विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता संग योग को उत्साह और समावेशन भावना के साथ अपनाया है।' भारतीय उच्चायुक्त ने 'गार्डन बाय द बे' में सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों और इस द्वीप-देश के बहु-राष्ट्रीय समुदाय के योग प्रेमियों का स्वागत किया। संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्रालय तथा परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री बे याम केंग भी सिंगापुर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें लगभग 350 योग प्रेमी मौजूद थे।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने देखी चीता प्रदर्शनी, चीता कमांड कंट्रोल सेंट्रल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुनो नेशनल उद्यान के दो दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का अवलोकन किया। चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के अवलोकन के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू को चीतों कि निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

राष्ट्रपति ने चीता कमांड एवं कंट्रोल सेंटर परिसर में चीता प्रोजेक्ट की अभी तक की प्रगति पर लगाई गई प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति को अवगत कराया गया कि वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कुनो में मौजूद है, तीन चीते गांधी सागर अभयारण्य मंदसौर भेजे गए है।

**» चीतों की निगरानी और ट्रैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में दी गई जानकारी**

**» सीसीफ, कलेक्टर, डीएफओ सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद**


चीता प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

इस मौके पर सीसीफ उत्तम कुमार, कलेक्टर शीला दाहिमा, डीएफओ आर थिरूकुराल आदि मौजूद रहे। कलेक्टर दाहिमा ने राष्ट्रपति को विशेष रूप से चीता के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने इस दौरान चीतों के लिए की गई सुविधाओं के विषय में जानकारी ली गई। उन्हें बताया गया कि हर 2 किमी पर जंगल में वाटर पिट बनाए गए हैं, जिनमें अवश्यकतानुसार पानी भरवाया जाता है। उन्हें बोत्सवाना से लाए गए चीतों की गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मु ने अपनी बोत्सवाना यात्रा के दौरान 8 चीते रिसीव किए गए थे जिन्हें कुनो लाया गया है।

## राष्ट्रपति की कूनो हेलीपैड पर प्रभारी मंत्री ने की अगवानी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क पहुंचीं। उनके साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी थे। इस अवसर पर कूनो नेशनल पार्क स्थित हेलीपैड पर मिनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने अगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, पीसीसीफ शुभरंजन सेन, कलेक्टर शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने भी उनकी अगवानी करते हुए स्वागत किया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मू से मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौजन्य भेंट, स्मृति चिन्हों का हुआ आदान-प्रदान

हरिभूमि न्यूज. भोपाल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से जबलपुर सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की। इस गरिमामयी मुलाकात के दौरान दोनों के बीच आत्मीय संवाद हुआ और संस्कृति व श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान किया गया। राष्ट्रपति मुर्मु को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश आगमन पर स्वागत करते हुए जीवनदायिनी मां नर्मदा की बेहद सुंदर प्रतिमा भेंट की। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने भी अपनी ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुरी स्थित सुप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा की आलौकिक तस्वीर सप्रेम भेंट की। ओडिशा की ऐतिहासिक धरोहर कोणार्क सूर्य मंदिर के विश्व प्रसिद्ध चक्र की भव्य प्रतिकृति भी उपहार स्वरूप प्रदान की।


राष्ट्रपति से भेंट करते मुख्यमंत्री।

### योगाभ्यास में राज्यपाल ने कहा: स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन

# पीएम मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा का वैश्विक पटल पर कराया परिचय: सीएम

लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना, भारत ने अपने ज्ञान-विवेक और विचार से सदैव सभी को एक-दूसरे से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, हमारी आध्यात्मिक चेतना और समृद्ध सनातन संस्कृति का वैश्विक पटल पर परिचय कराया है। प्रधानमंत्री ने जब वर्ष 2015 में विश्व योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सभा में रखा तो 175 से ज्यादा देशों ने इसका ऐतिहासिक समर्थन किया था। इस वर्ष सामूहिक योग सत्रों में करीब 30 से 35 करोड़ लोग शामिल हो रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने को योग से जोड़ने के लिए "हर घर योग अभियान" सफलतापूर्वक संचालित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर योगाभ्यास में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मप्र तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की।

**» योगमय हुआ मप्र, अनिगनत साधकों ने किया योगाभ्यास**


योग करतीं राष्ट्रपति।

**» विश्व कल्याण का आधार है योग: सीएम डॉ. यादव**


योग करते मुख्यमंत्री।

### संतुलित, सरल, आनंदमयी जीवन की पद्धति है योग


सामूहिक योगाभ्यास में राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह संपूर्ण जीवन को संतुलित, सरल और आनंदमयी बनाने की पद्धति है। योग ही स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और योग बने जीवन का धन है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने स्वस्थ जीवन का जो मार्ग दिखाया था, आज पूरी दुनिया उसे अपना रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा भारतीय योग को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान दिया गया।

### मध्यप्रदेश है योगियों की तपोस्थली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश योगियों की तपोस्थली रही है। भगवान श्रीकृष्ण को मप्र की धरती पर योग का ज्ञान प्राप्त हुआ। मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संपन्नता गौरवशाली इतिहास का अभिन्न हिस्सा रही है। योगेश्वर श्रीकृष्ण ने उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की,यहां उन्होंने 64 कला और 14 विद्याओं का गहन अध्ययन किया, इनमें योग विज्ञान सबसे प्रमुख था।

### बोट क्लब पर सामूहिक योग कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बोट क्लब पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में भोपालवासियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। साथ ही इस अवसर पर योग के महत्व और स्वस्थ जीवन में उसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

***» भाजपा के योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में भोपालवासी हुए शामिल***



### सशक्त जीवन का संदेश


'योग फॉर हेल्दी ऐजिंग' रखी गई है, जो स्वस्थ, सक्रिय,आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से सशक्त जीवन जीने का संदेश देती है। इस अवसर पर सभी नागरिकों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

### गोंदरमऊ को तीर्थस्थल के रूप में करेंगे विकसित

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यदि यह सिद्ध हो जाता है कि योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि का जन्म भोपाल के गोंदरमऊ गांव में हुआ था, तो वह इस क्षेत्र को योग तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास करेंगे। यह कार्यक्रम प्राचीन संस्था योग अनुसंधान परिषद में आयोजित किया गया, जहां सांसद ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया।



### पीएम के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े

## पर्यटन निगम के अधिकारियों ने मिंटो हॉल में किया योग



लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में पीएम के उद्बोधन का प्रसारण सुनते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर मप्र पर्यटन बोर्ड की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल (मिंटो हॉल) में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने योग को विश्व शांति और बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि योग सबको जोड़ता है, सबको साथ लाता है और जब योग हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

कार्यक्रम में मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक एवं पर्यटन सचिव डॉ. इलैयाराजा टी., अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय बेडेकर तथा संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज के डॉ. अंकेश भदौरिया सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। सचिव पर्यटन एवं मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल स्वास्थ्य गतिविधि नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं जीवन मूल्यों से जुड़ी समृद्ध विरासत का अभिन्न हिस्सा है। योग हमें अनुशासन, आत्मविश्वास सिखाता है।

### » योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर आयोजित हुआ

पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों के साथ सेवा समिति वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी उत्साह से योगाभ्यास किया। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर आयोजित सामूहिक योग सत्र में संत हिरदाराम आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की प्रशिक्षित टीम द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया।

## सियासतनामा



### विजयवर्गीय पोस्टर से 'गायब'

भाजपा के दिग्गज प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मालवा और इंदौर की राजनीति में ही दरकिनार करने की खबरें इन दिनों सुर्खियां बन रही हैं। ताजा मामला केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के दौरे के दौरान सामने आया। कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खास मंत्री तुलसी सिलावट के विधानसभा क्षेत्र सांवेर में था। इसमें खट्टर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कैलाश विजयवर्गीय भी मंच पर मौजूद रहे लेकिन जो बैनर-पोस्टर लगाए गए, उनसे विजयवर्गीय का फोटो नदारद था। पोस्टर में इंदौर के सांसद और पार्टी के जिलाध्यक्ष तक को जगह दी गई। सच जो भी हो लेकिन राजनीति में यह चर्चा हर जुबान पर है।

### 'टेलर' का ऐसा ट्रेलर क्यों?

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का विवादों से नाता जुड़ता जा रहा है। एक सप्ताह में ही उनके साथ दो विवाद जुड़ गए। पहली घटना मुरैना में हुई। यहां रात साढ़े 8 बजे श्याम टेलर को टॉयलेट जाने के लिए एक बैंक का ताला खोला गया। अकेले टेलर नहीं, उनके साथ लगभग आधा दर्जन अन्य युवा भी रात में बैंक के अंदर गए। दूसरी घटना राजगढ़ में घटी। यहां टेलर के स्वागत कार्यक्रम के दौरान मंच पर इतनी भीड़ चढ़ गई कि वह भरभरा कर गिर गया। लगता है कि भाजपा के नेता भी कांग्रेस नेताओं की कार्यशैली से प्रभावित हो रहे हैं।

### दीपक जोशी की ऐसी छवि, कल्पना से परे

पूर्व मंत्री दीपक जोशी कथित तौर पर तीन-तीन शादियां कर रहे हैं और थाने में शिकायत दर्ज करा रहे हैं कि उनकी दो पत्नियां उनकी छवि खराब कर रही हैं। दीपक जोशी कथित दो पूर्व पत्नियों के दावे को गलत बता रहे हैं। उन्होंने थाने में शिकायत की है कि शिखा मित्रा, नम्रता जोशी और महेंद्र जाट सोशल मीडिया के जरिए उन्हें बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने शिखा मित्रा के कॉल डिटेल की जांच की मांग की है। राजनीति के संत कैलाश जोशी का बेटा अपनी ऐसी छवि बनाएगा, ऐसी कल्पना किसी ने नहीं की थी।

### नाथ-दिग्विजय के ये दिन

कांग्रेस में भाजपा की तरह वरिष्ठों के लिए मार्गदर्शक मंडल की परंपरा न होने के बावजूद पार्टी के अंदर दो वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के अच्छे दिन खत्म हो गए लगते हैं। कमलनाथ के बुरे दिनों की शुरूआत तब ही हो गई थी, जब मुख्यमंत्री रहते वे पार्टी को टूटने से नहीं बचा पाए। दूसरे दिग्विजय को लोकसभा चुनाव में पराजयों के बावजूद राज्यसभा दो बार भेजा गया, लेकिन मीनाक्षी नटराजन मामले में प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उनके साथ जो बर्ताव किया, उससे कांग्रेस में उनके बुरे दिन प्रारंभ होने का अंदाजा लगा। गिने-चुने समर्थकों को छोड़ न कोई अन्य नेता उनके समर्थन में खड़ा नहीं हुआ, न अपमानित करने वालों पर कोई कार्रवाई होती दिख रही।

### इमरती का दिग्विजय को भाजपा का ऑफर

कांग्रेस में रहते हुए ही दिग्विजय सिंह को भाजपा के लिए शुभंकर माना जाता है। पहली बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाली पूर्व मंत्री इमरती देवी ने दिग्विजय को भाजपा में आने का ऑफर दे दिया। उन्होंने कहा कि दिग्विजय का कांग्रेस में कोई सम्मान नहीं है। भाजपा में उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा। इमरती के इस बयान ने एक बहस छेड़ दी। वजह बना राज्यसभा के लिए दाखिल मीनाक्षी नटराजन के नामांकन का रद्द होना। इसे लेकर हुई प्रेस कांफ्रेंस में दिग्विजय के अपमान का मुद्दा जोर-शोर से उठा।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

### हेमंत सहित प्रदेश के मंत्रियों ने सुना पीएम का उद्बोधन

## तन-मन को स्वस्थ रखकर सकारात्मकता का संचार करता है योग: खण्डेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल के मेजर ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सामूहिक योग किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल सहित प्रदेश शासन के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन भी सुना।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि वर्ष 2015 में जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई थी तब 84 देशों ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी की थी, जबकि आज विश्व के अधिकांश देशों में योग अपनाया जा रहा है। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति ने योग को विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग देश के गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच रहा है तथा लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। योग हजारों वर्षों से भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री के सतत प्रयासों के कारण आज योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली का आधार भी है। योग व्यक्ति के तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।



## मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मनाया योग दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कंपनी मुख्यालय स्थित आस्था परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक योगासनों का अभ्यास किया और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा, संयुक्त निदेशक दीपक चौरासे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. गोयल सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राकेश शर्मा ने योग दिवस कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है।

### स्वस्थ जीवन शैली का लिया संकल्प

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने किया सामूहिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रदेश के श्रमिकों के कल्याण और उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें योग से जुड़ने का विशेष आह्वान किया था। मंत्री पटेल के इस प्रेरक आह्वान का असर पूरे प्रदेश में देखने को मिला! अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के औद्योगिक और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया।

प्रदेश के कुल 337 संस्थानों में 15 हजार से अधिक श्रमिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। सचिव श्रम रघुराज राजेंद्रन ने कहा कि योग किसी एक दिवस तक सीमित न होकर, श्रमिकों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि श्रमिक प्रतिदिन योग से जुड़ें, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रह सकें। एक स्वस्थ और ऊर्जावान श्रमिक ही आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। श्रम विभाग और मप्र श्रम कल्याण मंडल के प्रयासों से आयोजित इस प्रदेश स्तरीय योग कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। श्रम मंत्री पटेल ने स्वयं जबलपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रमिकों के साथ योग किया।



### पौधरोपण कर दिया स्वस्थ एवं हरित भविष्य का सकारात्मक संदेश

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस परिवार ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धृति कल्याण शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल की ओर से 25वीं वाहिनी के हॉल में योग कार्यक्रम एवं धृति 23वीं वाहिनी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, सकारात्मक जीवनशैली तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा मकवाणा के साथ प्रियंवदा सक्सेना, अनुपमा कुमार, टिंग रॉय,भारती प्रसाद तथा गीता गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुलिस लाइन नेहरू नगर, 23वीं वाहिनी विसबल, 25वीं वाहिनी विसबल, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल तथा झूला घर पुलिस मुख्यालय भोपाल से जुड़े पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देहात पुलिस का सामूहिक योगाभ्यास

भोपाल। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भोपाल (देहात) पुलिस परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम स्वस्थ आयु के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल (देहात) रेंज संजय तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक, भोपाल ग्रामीण रेंज राजेश चंदेल, पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय एवं एसडीओपी मंजू चौहान उपस्थित रहीं। योगाभ्यास का प्रशिक्षण लाइव प्रसारण एवं आयुष विभाग के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कराया गया, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

## खबर संक्षेप



### मंत्री पटेल को पटवा ने जन्मदिन की बधाई दी

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर पटवा ने प्रभु श्रीराम से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जीतू नंदवंशी, माधव यादव, कोमल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को आर्थिक मदद दिलाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** प्रेस क्लब अध्यक्ष भारत निहाल के साथ प्रेस क्लब के सदस्यों ने विधायक सुरेंद्र पटवा एवं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव से चर्चा करते हुए मांग की कि पत्रकार राजकुमार लोधी के दोनों बच्चों के लिए शासन एवं विधायक निधि से आर्थिक सहायता दिलाने का शीघ्र प्रयास करें, क्योंकि स्व. पत्रकार राजकुमार की पत्नी का निधन कोरोना काल में हो गया था। दोनों बच्चे अभी छोटे है। उनकी परवरिश के लिए उनको आर्थिक सहायता की मांग की। इस मांग पर विधायक सुरेंद्र पटवा एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि हम शीघ्र अति शीघ्र इन बच्चों के लिए सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे।

### पटवा ने स्थानीय व्यंजनों का लिया स्वाद



**औबेदुल्लागंज।** योग कार्यक्रम के पश्चात विधायक पटवा ने सहयोगियों एवं समर्थकों के साथ पुरन होटल पहुंचकर नाश्ता किया। इस दौरान चर्चा के साथ स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। होटल पर मौजूद लोगों ने विधायक का स्वागत किया और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, कहार समाज के अध्यक्ष बबलू कहार, जीतू नंदवंशी, मनोज चौरसिया, सुरेश केवट पत्रकार मौजूद रहे।

### सार्वजनिक स्थल पर चादरें फेंकी, दस हजार जुर्माना

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में सड़क किनारे सार्वजनिक स्थल पर सीमेंट की टूटी हुई चादरें फेंकना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। निगम अमले ने मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। जोन-16 के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड-65 के तहत गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सार्वजनिक स्थल पर सीमेंट की टूटी चादरें और मलबा फेंकते हुए पकड़ा। अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित के विरुद्ध 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। निगम अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति को समझाइश भी दी कि सार्वजनिक स्थलों पर मलबा या गंदगी फैलाने पर भविष्य में और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 14 एकड़ में 48 करोड़ रुपए से बने आईएसबीटी परिसर का यह हाल

# यात्रियों का प्याऊ तक पहुंचना मुश्किल, सामने भरा है गंदा पानी लगा है कचरे का ढेर और खुला चैंबर... बदबू से यात्री परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

शहर के आधुनिक सुविधाओं से लैस आईएसबीटी परिसर अब बदहाल होना शुरू हो गया है। 16 साल पहले 48 करोड़ रुपए की लागत से बने बस टर्मिनल में अब हालात यह हैं कि यात्रियों को पीने के पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जहां प्याऊ बना है, उसके सामने गंदे पानी का जलभराव है। कचरे का ढेर लगा है और वहीं चैंबर खुला है जो यात्रियों के लिए खतरा है। पीने के पानी के लिए लोगों को अपनी जान जोखिम में डालना पड़ रही है।

2010 में बने आईएसबीटी परिसर में यात्रियों के लिए सुविधाएं घट रही हैं। देखरेख और मेंटेनेंस तक नहीं हो रहा है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडु रहा है। बसों का संचालन परिसर से न होकर मेन रोड से भी हो रहा है। जहां न तो यात्रियों के लिए सिर छुपाने की जगह है न सुरक्षा के इंतजाम। परिसर में लगी कुर्सियां जंग खा रही हैं और धूल जम रही है।

**पाइप लाइन में आए दिन लीकेज, न देखरेख न मेंटेनेंस, कुर्सियां भी खा रहीं जंग**

**यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ने के बजाए घट रही हैं बसों का संचालन मेन रोड से हो रहा**



**यात्री बोले- प्याऊ के पास ही बदहाली**

भोपाल से इंदौर जा रहे यात्री अनिल तिवारी ने बताया कि प्याऊ के पास ही गंदगी है। बदबू फैल रही है। कचरे का ढेर लगा है। बदबू और गंदे पानी के बीच से होकर लोग प्याऊ तक पहुंचकर पानी पीने को मजबूर हैं।

**टॉयलेट्स में गंदगी पसरी**

टॉयलेट्स में गंदगी पसरी पड़ी है। नालियों की सफाई नहीं होने से बदबू से यात्रियों का बुरा हाल है। जबकि परिसर के मेंटेनेंस का जिम्मा नगर निगम प्रशासन का है। यही नहीं आए दिन यहां की पाइप लाइन में लीकेज भी होता है।



**तत्काल व्यवस्थाएं सुधरवाएंगेः राय**

महापौर मालती राय का कहना है कि आईएसबीटी परिसर में सफाई नियमित होती है और देखरेख हो रही है, लेकिन अगर कहीं कमी है और यात्रियों को परेशानी हो रही है तो तत्काल व्यवस्थाएं सुधरवाएंगे। सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

## दोपहर करीब 12 बजे घर से गांव के बच्चों के साथ निकला था

# बैरसिया में डैम पर नहाने गया नौ साल का बच्चा पानी में डूबा, मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया हस्नाबाद में 9 साल के बच्चे की डैम में डूबने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वह घर से गांव के बच्चों के साथ निकला था। इसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं था। परिजन उसकी तलाश करते हुए डैम पहुंचे वहां उसके कपड़े और जूते सुरक्षित मिले। अनहोनी की आशंका पर डैम में बच्चे की तलाश की और उसकी लाश डैम में मिल गई। पुलिस के अनुसार हाद खान पिता अनीष खान (9) गांव पिपलिया हस्नाबाद, बैरसिया में रहता था। उसके पिता अनीष खान मजदूरी करते हैं। अनीष खान ने पुलिस को बताया कि हाद मदरसे में पढ़ता था और शनिवार दोपहर 12 बजे घर से बिना बताए चला गया। दोपहर तक वह घर नहीं लौटा। उसकी तलाश कर रहे थे। मस्जिद में हाद की गुमशुदगी का अनाउंसमेंट भी कराया गया, पर कुछ पता नहीं चला। गांव में लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि हाद को पिपलिया हस्नाबाद गांव में डैम की तरफ जाते हुए देखा था। शाम करीब चार बजे परिजन डैम पहुंचे। डैम के बाहर हाद के कपड़े और जूते रखे नजर आए। परिजन को अनहोनी की आशंका हुई और ग्रामीणों की मदद से डैम में हाद की तलाश की। रात करीब आठ बजे ग्रामीणों ने हाद का शव डैम से बाहर निकाल लिया।

**डर के कारण बच्चों ने नहीं बताया**

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि हादसे के साथ गांव के तीन चार बच्चे नहाने गए थे। बच्चों के सामने ही हाद डूब गया था। डर के कारण बच्चें गांव लौट आए। उन्हें लगा कि परिजन फटकार लगाएंगे। लिहाजा उन्होंने हाद के पानी में डूबने वाली बात छिपाकर रखी। रविवार को हाद का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

## माता-पिता से शादी की जिद कर रही नाबालिग ने लगाई फांसी

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित अचारपुरा के जंगल में 16 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसने अपने दोस्त को कॉल कर बताया था कि वह फांसी लगा रही है। दोस्त ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन जब तक अचारपुरा के जंगल तक पहुंचते वह दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा चुकी थी। पढ़ी लिखी नहीं होने के कारण उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि वह शादी करने की जिद कर रही थी, लेकिन परिजन का कहना था कि बालिग होने पर शादी करेंगे। अनुमान है कि शादी की जिद पूरी नहीं होने के कारण उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार उमा सहरिया पिता रामचंद्र सहरिया (16) अचारपुरा में रहती थी। उसके माता पिता अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री में काम करते हैं। रामचंद्र सहरिया ने बताया कि परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। दो बेटियों की वह शादी कर चुके हैं। उमा तीसरे नंबर की बेटी थी। उमा की एक युवक से बातचीत होती थी। वह उससे शादी करना चाहती थी। दोनों परिवार के लोगों शादी के लिए तैयार थे। रामचंद्र का कहना है कि बेटी नाबालिग थी और उसके बालिग होने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उमा अभी शादी करने की जिद कर रही थी। उसे समझाइश दी, पर वह मानने को तैयार नहीं थी। शनिवार सुबह 9 बजे उसने अपने दोस्त को कॉल कर कहा कि मैं फांसी लगाने जा रही हूं। दोस्त ने उमा के माता पिता को कॉल कर घटना की जानकारी दी। परिजन उसे देखने जंगल में पहुंचे, वहां तेंदू के पेड़ पर उमा की लाश दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकी मिली।

## रिटायर्ड नेफ्रोलॉजिस्ट के बेटे ने जहर पीकर दी जान, तीन महीने पहले छोड़ी थी नौकरी

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नीलबड़ में जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत हो गई। करीब दस दिन से उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पिता से पूछताछ में पता चला कि तीन महीने पहले बेटे ने नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद से वह तनाव में था। अनुमान लगाया जा रहा है कि नौकरी छूटने से दुखी होकर युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार पूजा कॉलोनी नीलबड़ निवासी डॉ. एमएल बंजारे कमला नेहरू अस्पताल से रिटायर्ड नेफ्रोलॉजिस्ट हैं। वह परिवार के साथ पूजा कॉलोनी में रहते हैं। बड़ा बेटा सौरभ कुमार बंजारे (41) एमबीए करने के बाद निजी कंपनी में नौकरी कर रहा था। पिता का कहना है कि किसी कारणवश तीन माह पूर्व सौरभ ने नौकरी छोड़ दी थी। नौकरी छोड़ने के बाद से ही वह दुखी रहने लगा था। विगत 10 जून की दोपहर करीब दो बजे सौरभ ने अपने कमरे में पत्नी व बच्चों की मौजूदगी में शराब के साथ कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। उल्टियां होने पर पिता कमरे में पहुंचे। उल्टी के साथ आने वाली बदबू से उन्हें पता चल गया कि बेटे ने शराब के साथ कोई जहरीला पदार्थ पी लिया है। वह बेटे को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे। शनिवार सौरभ बंजारे की मौत हो गई।

### सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नाथू बरखेड़ा में शनिवार रात सडक पार कर रहे बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक नाथू बरखेड़ा रातीबड़ निवासी रामलाल बरेला (60) मेहनत-मजदूरी करते थे और अपनी पत्नी व बेटे के साथ रहते थे। शनिवार रात करीब 8 बजे वह घर लौट रहे थे। घर से करीब 50 मीटर दूर मेन रोड पर सडक पार करते समय नीलबड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उन्हें जोरदार मार दी और अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

# ग्रीन मोबिलिटीः भोपाल बनेगा प्रदेश का पहला ईवी नगर निगम अधिकारियों को मिलेंगे ई-व्हीकल

**निगम आयुक्त सहित उपायुक्त, अपर आयुक्त और सहायक आयुक्तों को मिलेंगे ई-व्हीकल**

**एमपी ईवी-पॉलिसी 2025 के तहत 50 ई-व्हीकल खरीदने को हरी झंडी, चार्जिंग प्वाइंट भी बनेंगे**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद मध्यप्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से अब नगरीय निकायों के अधिकारी भी ई-व्हीकल का ही उपयोग करेंगे। नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश के बाद नगर निगम भोपाल ने 50 ई-व्हीकल खरीदी को मंजूरी दे दी है। राजधानी का नगर निगम प्रदेश का पहला ईवी नगर निगम होगा जहां निगम आयुक्त सहित उपायुक्त, अपर आयुक्त, सहायक आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी ई-व्हीकल में स्थानीय निरीक्षण और भ्रमण कर सकेंगे।

27 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2025 लागू हो चुकी है। इसके तहत प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से पेट्रोल-डीजल वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाना है। इसे लेकर प्रदेश की सभी नगर निगम, नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक, डूडा अधिकारी और सभी नगर पालिका व नगर परिषद के सीएमओ को इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए नगरीय प्रशासन ने पत्र भी लिखा था।

**राजधानी में 50 वाहनों से होगी शुरूआत**

नगरीय प्रशासन विभाग के पत्र के बाद नगर निगम प्रशासन ने पहले चरण में 50 इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने व चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए मंजूरी दे दी है।

**स्मार्ट सिटी के पास हैं दो इलेक्ट्रिक वाहन**

स्मार्ट सिटी भोपाल में सबसे पहले अधिकारियों को इलेक्ट्रिक वाहन ही दिए गए थे। वर्तमान में सिर्फ 2 इलेक्ट्रिक वाहन ही बचे हैं। वाहनों का कम होने का सबसे बड़ा कारण चार्जिंग स्टेशन की कमी होना है। 30 चार्जिंग स्टेशन बनेंगे इलेक्ट्रिक वाहनों के निगम बेड़े में शामिल होने से पहले शहर के विभिन्न निगम कार्यालयों और प्रमुख स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से 30 चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इससे वाहनों के संचालन में परेशानी नहीं होगी।

# किराया बढ़ाने की मांग को लेकर कल एग्रीगेटर कंपनियों के खिलाफ टैक्सी चालक जा सकते हैं हड़ताल पर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों से आप 23, 24 या 25 जून को आने-जाने का प्लान है तो पहले टैक्सी संचालन को लेकर जानकारी प्राप्त कर लें, नहीं तो बाद में परेशानी हो सकती है। दरअसल, इन तीन दिनों में भोपाल एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन पर टैक्सियां नहीं मिलेंगी। टैक्सी चालकों ने एग्रीगेटर कंपनियों के खिलाफ हड़ताल का ऐलान किया है, इस दौरान चालक एग्रीगेटर कंपनियों की बुकिंग स्वीकार नहीं करेंगे, जिससे यात्रियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने बताया कि इससे पहले 7 फरवरी और 12 जून को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर सांकेतिक धरना देकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसी के विरोध में अब बड़ा आंदोलन किया जा रहा है। संघ ने आम जनता से अपील की है कि इन तीन दिनों में एयरपोर्ट यात्रा के लिए एग्रीगेटर कंपनियों के एप का उपयोग न करें। संगठन ने कहा कि यह कदम ड्राइवरों की आजीविका बचाने के लिए उठाना जरूरी हो गया है।

**किराया बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं**

संघ ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य मुद्दा सरकार द्वारा निर्धारित किराए का पालन कराना है। आरोप है कि कंपनियां एक प्रावधान का हवाला देकर निर्धारित किराए से भी कम भुगतान कर रही हैं। किराया बढ़ाना ही एकमात्र समाधान है, नहीं तो आंदोलन और उग्र होगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो भोपाल में टैक्सी और ऑटो सेवा पूरी तरह ठप कर दी जाएगी।

## ऑपरेशन के लिए चिन्हित, सेवा सदन में आज होगी शल्यक्रिया

# 280 के नेत्र परीक्षण में मोतियाबिंद के मिले 60 रोगी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

सेवा सदन नेत्र अस्पताल ने बैरसिया रोड स्थित अटलराम सिंधी धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र रोग निदान मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया। इसमें 280 रोगियों के आंखों की जांच की गई। इनमें से 60 में मोतियाबिंद मिला, जिन्हे एंबुलेंस से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर लाकर भर्ती किया गया। आज सोमवार को मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से लगाया गया।

**इन्होंने किया शिविर का शुभारंभ**

शिविर का शुभारंभ भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आतिफ अकील, भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, जनप्रतिनिधि गोविंद गोयल, सेवा सदन के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी ने किया। इस अवसर पर मेला समिति के चंद्रशेखर सोनी, सुनील जैनाविन, प्रदीप अग्रवाल, कमल जैन श्वेता, नारायण सिंह कुशवाह, परमजीत सिंह बेदी, योगेन्द्र मुखरैया, वीरेन्द्र जैन श्रीजी, अजय सोगानी, अनूपम अग्रवाल, सुमित गर्ग, अशोक गुप्ता, अटलराम सिंधी धर्मशाला ट्रस्ट के गुरलदास, रमेश नाथानी, दीपक राजानी, रामचंद्र रामदेव, हरीश ज्ञानचंदानी, जयप्रकाश जसवानी सहित सेवा सदन की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# अगर हम बीमार हुए हैं तो हमारी दिनचर्या में कुछ त्रुटियां हुई हैं: डॉ. गुलाब राय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**



संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल आरोग्य केन्द्र ने दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में लगाया। डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा से शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। स्वास्थ्य रक्षक सिद्धांतों को अपनाते हुए हमें पूर्णतः स्वस्थ होने की राह पर चलना होगा और यही शिविर में सिखाया जाता है। सत्र के समापन के दौरान डॉ. लता टेवानी ने सभी साधकों का मंचासीन अतिथियों व हॉस्पिटल के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। आगामी शिविर 24 से 28 तक लगेगा।

# किसी बीमारी के उपचार की अपेक्षा रोकथाम बेहतर : शिल्पा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर**

सिंधी मेला समिति द्वारा शरीर की जटिल समस्या का निवारण करने के उद्देश से शिवाजी नगर स्थित सिंधु भवन ट्रस्ट के सहयोग से रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया। सेमिनार में डायटीशियन शिल्पा ताम्रकार ने संतुलित, सात्विक और प्राकृतिक आहार अपनाने की सलाह दी ताकि बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सके। इसके अलावा कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सी.ए हरीश तोलानी व डॉ मधुरा कुलकर्णी ने भी अपने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंधी मेला समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होंने सिंधी मेला समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि हम अक्सर अपनी व्यस्त दिनचर्या में स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जिससे छोटी समस्याएँ बाद में गंभीर रूप ले लेती हैं।

## योग अभ्यास व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए उपयोगीः विधायक सुरेंद्र

**उपनगरों में हुए आयोजन में हजारों लोग हुए शामिल**

# पटवा ने किए योग आसन, बताया योगाभ्यास का महत्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज**

विधायक सुरेंद्र पटवा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व धरोहर भीमबेटका में योगाभ्यास करते हुए कहा कि योग अभ्यास स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। हमें इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लेना चाहिए। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का दिव्य मार्ग है।

आइए, हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में सहभागी बनें। पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग वैश्विक स्तर पर मानव कल्याण एवं ऊर्जा का माध्यम बन गया है। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे, वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, माधव यादव, बागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, मनोज चौरसिया, दीपू परमार, लोकेश परमार, जनपद सदस्य रूपेश चौहान गजेंद्र नागर कोमल चौहान राहुल प्रजापति जीतू नंदवंशी आदि उपस्थित रहे



### विश्व योग दिवस पर बिलोटा श्री फ्यूल्स में योग शिविर

अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर नायरा पेट्रोल पंप बिलोटा श्री फ्यूल्स में योग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में पेट्रोल पंप के स्टाफ, ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। योग करने के लाभ बताए। पेट्रोल पंप संचालक पार्षद दीपू परमार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे दैनिक जीवन में अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से नियमित योग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के संकल्प के साथ किया गया।



**सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन**


### योग को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाना ज़रूरीः शर्मा



**संतनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज परिसर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा की मुख्य उपस्थिति में कार्यक्रम में हजारों नागरिकों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक बनाने का मार्ग है।

# समुद्र की गहराई से लेकर 14000 फीट की ऊंचाई तक बना योग का एक बड़ा संयोग, समूचे भारत ने इस कार्यक्रम में की अपनी भागीदारी

देशभर में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री ने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया। लखनऊ, पटना, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद और दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग दिवस के कार्यक्रम में कई मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।


योग करते हुए सीजेआई सूर्यकांत

**योग**
**अब बन गया एक वैश्विक जन-आंदोलन देशभर में मनाया गया योग दिवस**

## दिसबर 2014 से लेकर अब तक दुनिया के 190 देशों ने इस आयोजन को अपनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयोजित किया गया, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया। कोलकाता की रेड रोड पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 35 से 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजकों का दावा है कि यह आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो सकता है। योग दिवस के अवसर पर लखनऊ, पटना, जयपुर, अहमदाबाद, हैदराबाद और दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही पार्कों, स्कूलों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने योगाभ्यास किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा एक प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हर वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इतने वर्षों में यह आयोजन एक वैश्विक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। आज दुनिया भर के लाखों लोग योग सत्रों, स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी गतिविधियों में भाग लिया।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

योग दिवस पर पूरी दुनिया में एक समान अभ्यास के लिए आयुष मंत्रालय ने कॉमन योग प्रोटोकॉल तैयार किया गया। करीब 45 मिनट के कार्यक्रम में प्रार्थना, हल्के व्यायाम, विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान शामिल होते हैं। इसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' रखी गई है। इसका मकसद बढ़ती उम्र में बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है।


**इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' रखी**

लेह में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन योग करते हुए।

### स्वस्थ जीवन का संदेश

योग दिवस अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा। लद्दाख की बर्फीली चोटियों, सियाचिन ग्लेशियर, नौसेना के युद्धपोतों से लेकर पेरिस के एफिल टॉवर और टाइम्स स्क्वायर तक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे योग एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन के रूप में स्थापित हो चुका है। योग दिवस के साथ-साथ 21 जून का दिन कई ऐतिहासिक घटनाओं का भी साक्षी रहा है। यही वजह है कि यह तारीख स्वास्थ्य, संस्कृति और इतिहास के लिहाज से विशेष महत्व रखती है। आज दुनिया भर में करोड़ों लोगों ने स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

## केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रतिबद्धता को दोहराया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यधिक उत्साह और सक्रिय जनभागीदारी के साथ मनाया। इस अवसर पर योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य, आरोग्य और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।


ध्यान मुद्रा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा

### स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था का एक समग्र मार्ग

इस वर्ष के विषय बढ़ती उम्र में स्वस्थ रहने के लिए योग का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि योग शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था का एक समग्र मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव, निष्क्रिय जीवनशैली और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के इस दौर में योग शरीर और मन के बीच संतुलन एवं सामंजस्य स्थापित करने का एक कुदरती और स्थायी उपाय है। नड्डा ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति और सार्वभौमिक चेतना के बीच गहरे संबंध को विकसित करती है। योग हमें मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

### दिग्गजों ने भी किया योग


अहमदाबाद में योग करते गृहमंत्री अमित शाह


नई दिल्ली में योग मुद्रा में स्पीकर बिरला


शिलांग में योगाभ्यास करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह


रेल और कानून मंत्री योग कार्यक्रम में शामिल हुए


योग करते उप सभापति हरिवंश सिंह

## खबर संक्षेप

### आष्टीकर, निंबालकर ने शिंदे का दामन थामा

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) को बड़ा झटका देते हुए हिंगोली से सांसद नागेश पाटिल आष्टीकर ने रविवार को साफ कर दिया कि वह अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अपनी विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया है।



### मोशेरेफ हुसैन का टीएमसी से इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भीतर मची आंतरिक कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। अब पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है, जिससे टीएमसी का अल्पसंख्यक सेल भी टूटता हुआ नजर आ रहा है। सेल के स्टेट प्रेसिडेंट मोशरेफ हुसैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हुसैन इटाहार से टीएमसी के विधायक हैं।



### रॉय पर धोखाधड़ी और जालसाजी का नया केस

**कोलकाता।** टीएमसी नेता और सांसद अभिषेक बेनर्जी के करीबी सहयोगी सुमित रॉय की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का नया मामला दर्ज किया गया है। रॉय पहले से ही एक कथित भूमि कब्जा (लैंड ग्रैब) मामले में आरोपी हैं। पुलिस ने लुकआउट जारी किया है।



### विजयन की बेटी की मुश्किलें, 29 को पेश हों

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व सीएम पिनराई विजयन की बेटी वीणा टी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। ईडी ने सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वीणा को दोबारा समन जारी कर 29 जून को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। 17 जून को उनसे 9 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।



## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की एसआईटी कर रही जांच, कोर्ट में सुनवाई आज

जांच एजेंसी रिपोर्ट लेकर पहुंची लखनऊ

# प्राथमिक रिपोर्ट आज पेश होने के संकेत 'जिम्मेदारों' पर कार्रवाई की तैयारी

टीएन मिश्र ▶▶ लखनऊ

अयोध्या राम मंदिर में चंदा, भूमि खरीद, प्रसाद वितरण और अन्य वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच कर रही एसआईटी प्राथमिक रिपोर्ट सोमवार को सरकार को सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक एक सप्ताह तक चली गहन जांच के बाद करीब 170 पेज से अधिक की रिपोर्ट तैयार की गई है। टीम ने ट्रस्ट से जुड़े दस्तावेजों, वित्तीय अभिलेखों और विभिन्न शिकायतों का परीक्षण किया है। रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपे जाने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जा सकता है।एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट में राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य अनिल मिश्र और विशेष आमंत्रित सदस्य गोपाल राव के नाम चर्चा में हैं। माना जा रहा है कि जिम्मेदारियों का निर्धारण किया जा सकता है। साथ ही ट्रस्ट के ढांचे में बदलाव और प्रशासनिक सुधार की सिफारिशें भी रिपोर्ट का हिस्सा हो सकती हैं।

**170 पेज की रिपोर्ट तैयार ट्रस्ट के 3 पदाधिकारियों पर उठे सवाल**



### पूर्व कर्मचारियों की शिकायतों को भी बनाया आधार

जांच में पूर्व चंदा प्रभारी इंजीनियर दीनानाथ वर्मा और पूर्व कर्मचारी महिपाल द्वारा लगाए गए आरोपों को भी शामिल किया गया है। आरोप था कि कार्यालय निर्माण सहित कई मामलों में अनियमितताएं हुईं।जांच टीम ने इन शिकायतों से जुड़े दस्तावेजों और उपलब्ध साक्ष्यों का भी परीक्षण किया है। इसी को आधार बनाया है।

### चंदा, भूमि खरीद और खर्चों की गहन जांच की

एसआईटी ने जांच में दानपात्रों की धनराशि के उपयोग, भूमि खरीद, जमीन अधिग्रहण, निर्माण कार्यों और अन्य खर्चों की विस्तार से समीक्षा की । 2021 तक के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले गए। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में वित्तीय लेन-देन और निर्णय प्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया गया है।

### रिपोर्ट के बाद मुकदमा और गिरफ्तारी की अटकलें शुरू

यदि प्राथमिक रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि होती है तो संबंधित मामलों में मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। चंदा गबन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों की गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है। ट्रस्ट के प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। चर्चा है कि भविष्य में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में किसी वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अंतिम निर्णय सरकार और संबंधित प्राधिकारियों द्वारा रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ही लिया जाएगा।

### सुरक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई तय

प्रारंभिक रिपोर्ट में केवल वित्तीय मामलों ही नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की भी जांच की गई है। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप मिले हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है। जांच पूरी होने तक ट्रस्ट पदाधिकारियों और संदिग्ध कर्मचारियों के अयोध्या से बाहर जाने पर रोक लगाए जाने की भी चर्चा है।

### केवल 200 करोड़ की नकदी चोरी कई बड़े नाम शामिलः केजरीवाल



चढ़ावे से जुड़ी गड़बड़ी मामले को लेकर विपक्ष ने भाजपा पर हमला तेज कर दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वीडियो जारी कर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केवल नकदी के रूप में ही करीब 200 करोड़ रुपए चोरी होने की बात कही जा रही है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के दान पर उठे सवाल

### फलाहारी महाराज ने मांगा 15 साल का हिसाब- किताब



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर की दान व्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर संत समाज के प्रमुख संत दिनेश फलाहारी महाराज ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंदिर के प्रबंध न्यासी अनुराग डालमिया को पत्र लिखकर पिछले 15 वर्षों में मंदिर में प्राप्त दान, आभूषण, सोना, चांदी और अन्य भेंटों का विस्तृत विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है। बाबा ने आरोप लगाया है कि दान की गणना और दान-पात्र खोलने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है।

**मथुरा स्थित मंदिर का मामला**

### सीजेपी ने टॉर्च जलाकर प्रदर्शन किया

## जंतर-मंतर पर सभी समर्थक रहे खड़े, प्रधान के इस्तीफे पर अड़े

भारी पुलिस बल रहा तैनात




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार पूरी रात और रविवार को भी दिल्ली के जंतर-मंतर पर डटे हैं। अभिजीत दीपके ने कहा है कि जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, वे यहां से नहीं हटेंगे। पार्टी के समर्थकों ने मोबाइल फोन का टॉर्च जलाकर विरोध प्रदर्शन को जारी रखा। दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम को 5 बजे बाद प्रदर्शन को जारी रखने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने अपील की थी कि उन्हें जंतर-मंतर छोड़ देना चाहिए। दीपके ने एक्स पर एक वीडियो जारी कर अपील की है कि रविवार सुबह 9 बजे सभी लोग जंतर-मंतर पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि लोगों के समर्थन के बिना उनकी यह मुहिम सफल नहीं होगी। उन्होंने अपनी मांग को दोहराया कि प्रधान को इस्तीफा देना पड़ेगा वरना वे जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे।

### वांगचुक भी हुए शामिल, 27 से अनशन शुरू करेंगे

इस दौरान जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। वांगचुक ने घोषणा की कि यदि मंत्री प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने दीपके के आह्वान पर 'थाली और चम्मच' बजाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पूरा प्रदर्शन स्थल 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' के नारों से गूंज उठा। दीपके ने कहा कि अगर थाली बजाने से कोरोना को भगाया जा सकता है, तो थाली बजाकर प्रधान को भी भगाया जा सकता है।

### मुस्लिम युवक ने खिलाया खाना

कड़ी धूप और इस आंदोलन के बीच जंतर-मंतर पर आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। दिल्ली के ही एक स्थानीय मुस्लिम निवासी ने अपनी खुद की मेहनत की कमाई से आंदोलनकारी छात्रों के लिए मुफ्त भोजन और पीने के पानी का इंतजाम किया।इस युवक ने कहा कि अगर हम अपनी ही सरकार से सवाल नहीं करेंगे और सत्ता में बैठे लोगों से जवाबदेही नहीं मांगेंगे, तो फिर कौन मांगेगा? यह किसी एक व्यक्ति की लड़ाई नहीं है। एक ही सामूहिक मांग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए।

### जलपाईगुड़ी में सड़क हादसा

## खड़े ट्रेलर से टकराई बस 4 की मौत और 50 घायल

एजेंसी ▶▶ जलपाईगुड़ी

मयनागुड़ी के उल्लाडाबरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में उत्तर बंग राज्य परिवहन निगम की एक बस खड़े ट्रेलर से जा टकराई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। इनमें से कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सिलीगुड़ी से कूचबिहार जा रही एनबीएसटीसी की बस उल्लाडाबरी में सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर के पीछे जा भिड़ी। ट्रेलर का पिछला हिस्सा बस के अंदर घुस गया।



### बस का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त

स्थानीय लोगों ने बताया कि एक बड़ा मालवाहक ट्रेलर सड़क किनारे खड़ा था। सरकारी बस ने पीछे से ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी. खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश के बीच हुए इस हादसे में बस का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### 'ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट' पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा

## राहुल बस एक मोहरा, सुनियोजित दुष्प्रचार कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 'ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट' परविवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस मोदी सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं सरकार प्रोजेक्ट से होने वाले फायदे गिनाने में लगी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। रिजिजू ने कहा कि राहुल रणनीतिक और राष्ट्रीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण 'ग्रेट निकोबार आइलैंड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट' के खिलाफ एक सुनियोजित प्रचार फैला रहे हैं।



### संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कांग्रेस पर बोला हमला





**राहुल ने अंडमान में स्कूबा डाइविंग पर 26 करोड़ खर्च किए**

रिजिजू ने दावा करते हुए कहा कि राहुल ने अंडमान में स्कूबा डाइविंग पर 26 करोड़ खर्च किए और इसे समुद्री जीवन की चिंताओं से जोड़कर इस प्रोजेक्ट के खिलाफ जानबूझकर माहौल बनाया गया है। भारत के पर्यावरण कानून बेहद मजबूत हैं और कोई भी मनमाने ढंग से पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट नहीं कर सकता।

### सरकार ने उठाए कई ऐतिहासिक कदम

परियोजना के आर्थिक और सामरिक महत्व को समझाते हुए मंत्री रिजिजू ने 'ब्लू इकोनॉमी' और 'डीप ओशन मिशन' की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने 5,000 मीटर की गहराई में जाकर खनिजों की खोज जैसे बड़े कदम उठाए हैं, जो देश के लिए ऐतिहासिक हैं।

### देश की प्रगति को रोक रहा विपक्ष

रिजिजू ने कहा कि राहुल तो बस एक मोहरा हैं। राहुल और उनसे जुड़ा इकोसिस्टम हर बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के खिलाफ पीआईएल डालकर और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देश की प्रगति को रोकना चाहता है। कोई पार्टी चुनाव में हार जाती है तो इसका मतलब यह नहीं वह राष्ट्रीय हित के विकास कार्यों में बाधा डाले।

रविवार को पूरी दुनिया के लोगों ने किया योग, स्वस्थ रहने का लिया संकल्प

# ग्लोबल मैट पर झुकी दुनिया: 200 मुल्क के 30 करोड़ लोगों का एक ही सुर, 'ॐ' की गूंज




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरहदों की कड़वाहट और रोजमर्रा की चिंताओं को भुलाकर जब 200 देशों के 30 करोड़ लोगों ने एक साथ अपनी सांसों को साधा, तो दुनिया का सारा तनाव जैसे हवा में घुल गया। 'ॐ' की सामूहिक गूंज ने महाद्वीपों की दूरियों को मिटाकर हर दिल में शांति का संचार किया। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि मिसाइलों और समझौतों से परे, दुनिया को जोड़ने का सबसे अचूक नुस्खा भारत की इस प्राचीन विधा योग के पास है। भाषा, रंग और संस्कृति के भेद को मिटाकर, लोग अपनी आंतरिक शांति के लिए योग की शरण में आए हैं। आखिरकार, मानसिक और वैश्विक तनाव से जूझती इस मानव सभ्यता को थामने के लिए पूरी दुनिया को एक ही मंच यानी 'ग्लोबल योग मैट' पर आना ही पड़ा।


पेरिस में योग करते हुए लोग


टोरंटो में योग किया गया

### कहां कितने लोगों ने किया योग

| | |
|---|---|
| अमेरिका | 3.5 करोड़ |
| कनाडा | 76 लाख |
| ऑस्ट्रेलिया | 15 लाख |
| यूनाइटेड किंगडम | 5 लाख |
| चीन | 1 करोड़ |
| ब्राजील | 80 लाख |

### पेरिस में एफिल टॉवर में जुटे 2,000 से अधिक लोग

*द्वितीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर फ्रांस की राजधानी पेरिस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पेरिस के सबसे बड़े शहरी सांस्कृतिक उद्यान 'पार्क डी ला विलेट' में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, लगभग हर उम्र के 2,000 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त इस दिवस को सफल बनाने के लिए कई भारतीय व फ्रांसीसी सांस्कृतिक संघों, भारतीय प्रवासियों और आर्ट ऑफ लिविंग व ईशा फाउंडेशन जैसे प्रमुख योग स्कूलों ने सक्रिय योगदान दिया। इस मौके पर भारतीय राजदूत मोहन कुमार ने आधुनिक जीवनशैली में तनाव प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास के लिए युवाओं से नियमित योग करने की अपील की। इस अभियान को फ्रांस और भारतीय फिल्म जगत के कलाकारों का भी बड़ा समर्थन मिल रहा है।*


न्यूयार्क में उत्साह के साथ किया योगाभ्यास

### शंघाई के बंड फाइनेंस सेंटर में योग और भारतीय संस्कृति का संगम

चीन के शंघाई शहर में स्थित 'बंड फाइनेंस सेंटर' में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजनयिकों, शिक्षाविदों, योग साधकों और भारतीय प्रवासियों सहित लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने योग को भारत द्वारा विश्व को दी गई एक अमूल्य भेंट बताया। उन्होंने कहा: समग्र स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देने में योग की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

### सऊदी अरब — महिला प्रशिक्षकों ने संभाली कमान

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सरकारी अधिकारी, राजनयिक और स्कूली बच्चे शामिल थे। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि योग सत्र का नेतृत्व सऊदी की महिला योग प्रशिक्षक सीमा घन्नाम और मलाक अलमुघीरा ने किया। दूतावास के अनुसार, सऊदी अरब में योग की बढ़ती लोकप्रियता दोनों देशों के मजबूत होते सांस्कृतिक संबंधों का एक और प्रमाण है।

### श्रीलंका में मंत्रियों और सांसदों के साथ स्वस्थ भविष्य का संकल्प

पड़ोसी देश श्रीलंका में भी योग दिवस की भव्यता देखते ही बन रही थी। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने इस आयोजन को दोनों देशों के संबंधों से जोड़ते हुए लिखा कि योग के जरिए हम भारत और श्रीलंका के लिए एक स्वस्थ भविष्य को अपना रहे हैं। कोलंबो के ऐतिहासिक इंडिपेंडेंस स्क्वायर में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में श्रीलंका सरकार के मंत्रियों क्रिसंथा अबेसेना, डिप्टी स्पीकर डॉ. रिजवी सालेह, उपमंत्री प्रदीप सुंदरलिंगम, उपमंत्री निशांत जयवीरा, कई सांसदों और अन्य गणमान्य हस्तियों ने भारतीय उच्चायुक्त के साथ मिलकर योग किया।

### नेपाल — माया देवी मंदिर के आंगन में योगाभ्यास

पड़ोसी देश नेपाल में भारतीय दूतावास ने लुम्बिनी विकास ट्रस्ट के सहयोग से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल माया देवी मंदिर और इटर्नल पीस फ्लेम के पास योग सत्र का आयोजन किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में लुम्बिनी के राज्यपाल कृष्ण बहादुर घर्ती मगर सहित 600 से अधिक योग प्रेमियों ने भाग लिया।

### कनाडा (टोरंटो)

यहाँ ओंटारियो की विधान सभा की पृष्ठभूमि में एक विशाल कार्यक्रम हुआ, जिसमें लगभग 800 लोग शामिल हुए। महावाणिज्य दूत महावीर सिंघवी ने कहा कि योग सांस्कृतिक और राष्ट्रीय सीमाओं से परे जाकर लोगों को 'कल्याण की साझा खोज' में एक साथ लाता है।

### तुर्किस्तान में अश्गाबात के योग सत्र में उमड़ा उत्साह

तुर्किस्तान में भी योग दिवस के अवसर पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन और भारतीय समुदाय का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। तुर्किस्तान में भारतीय दूतावास ने जानकारी देते हुए लिखा कि वहां के स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल इंडस्ट्री के उपमंत्री अजात ओवेजोव के साथ-साथ भारतीय समुदाय के सदस्यों और स्थानीय मित्रों ने अश्गाबात में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समारोह में बेहद जोश और उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

### टेक्सास में योग

टेक्सास के पार्कों और न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर राज्य विधानसभाओं और गवर्नर के ऑफिस तक, इस हफ्ते के अंत में पूरे अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह दिखाता है कि भारत में शुरू हुई यह परंपरा अब एक देशव्यापी स्वास्थ्य कल्याण आंदोलन बन गई और इसे आम लोगों में कितना पसंद किया जा रहा है। इस साल का थीम ₹स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग₹ रहा, जिसमें निवारक स्वास्थ्य देखभाल, सक्रिय जीवनशैली और मानसिक कल्याण पर विशेष जोर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के एक दशक से अधिक समय बाद अब इसका आयोजन पूरे अमेरिका में व्यापक स्तर पर किया जाता है। देशभर के पार्कों, विश्वविद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी संस्थानों में योग दिवस मनाया जाता है।

### गूंजा योग का संदेश लगा आयुर्वेद कॉर्नर

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में ऐतिहासिक लिंकन मेमोरियल के सामने सैकड़ों लोग भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित योग सत्र में शामिल हुए। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि योग जीवन के हर चरण में हर किसी के लिए है। इसके अलावा दूतावास ने 'डुपॉंट सर्कल' और विश्व बैंक सहित विभिन्न स्थानों पर स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए यहाँ एक विशेष 'आयुर्वेद कॉर्नर' भी स्थापित किया गया था।

### जापान में बारिश के बीच हुआ योग, दुबई में भी जुटे हजारों लोग

दुबई भारतीय वाणिज्य दूतावास और दुबई पुलिस के सहयोग से 'दुबई पुलिस ऑफिसर्स क्लब' में एक भव्य कार्यक्रम हुआ। इसमें पुलिस अधिकारियों, छात्रों और भारतीय प्रवासियों ने हिस्सा लिया। दुबई पुलिस बैंड की प्रस्तुति यहां विशेष आकर्षण रही।जापान के टोक्यो स्थित ऐतिहासिक त्सुकिजी होंगन-जी मंदिर में सबसे खास नजारा दिखा। यहां 2100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान तेज बारिश होने के बावजूद लोगों का हौसला डिगा नहीं और उन्होंने 'बारिश हो या धूप, योग साथ-साथ' के संदेश के साथ योगाभ्यास पूरा किया।



ढाका में भी हुआ योग

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी के चलते फ्रांस में शराब बंद

**पेरिस।** यूरोप के कुछ हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी से निपटने के लिए फ्रांस ने सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर रोक लगा रहा है और कुछ आउटडोर स्पोर्ट्स इवेंट्स रद्द कर रहा है। रविवार को फ्रांस का लगभग एक-तिहाई हिस्सा राष्ट्रीय मौसम सेवा के 'हीट रेड अलर्ट' के दायरे में है और पूरे देश में तापमान बहुत अधिक है।



### रूस से प्रतिदिन 26.6 लाख बैरल तेल खरीदा

**नई दिल्ली।** भारत ने जून में रूस और संयुक्त अरब अमीरात से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने से पहले अपना ऑयल स्टोरेज सुरक्षित करने की रणनीति अपनाई। आंकड़ों के मुताबिक, जून में 19 तारीख तक भारत ने रूस से औसतन 26.6 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया।



## भारतीय नौसेना हुई और अधिक शक्तिशाली: दूनागिरी, संशोधक और अग्रे जहाज बेड़े में शामिल

# पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना को सौंपे 3 आधुनिक युध्दपोत और बोले-शांति के लिए सामर्थ्य होना जरूरी

किसी के पास अत्याधुनिक हथियार है तो किसी के पास मैपिंग की जबरदस्त क्षमता

पीएम ने कहा–भारत रक्षा उपकरणों का आयातक बनने के बजाय निर्माता बनेगा



एजेंसी ⏭ कोलकाता

यहां आयोजित एक ऐतिहासिक त्रि-कमीशनिंग समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की समुद्री ताकत को नई धार दी। शांति के लिए सामर्थ्य जरूरी है के मूल मंत्र के साथ पीएम मोदी ने रविवार को तीन स्वदेशी नौसैनिक युद्धपोतों अग्रय, आईएनएस दुनागिरी और आईएनएस संशोधक को राष्ट्र को समर्पित किया।

### सुरक्षित भारत निर्माण के लिए आत्मनिर्भर जरूरी

इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट किया कि एक विकसित और सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति का होना अनिवार्य है। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये युद्धपोत केवल सैन्य साजो-सामान नहीं, बल्कि भारत की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता, औद्योगिक क्षमता और कुशल कार्यबल का जीता-जागता प्रतीक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कोई देश तभी शक्तिशाली होता है जब वह आत्मनिर्भर हो। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि जब भारत रक्षा उपकरणों का आयातक बनने के बजाय निर्माता बनेगा, तभी वैश्विक मंच पर नीतिगत निर्णय लेने की क्षमता हासिल करेगा।

**ऊर्जा संसाधन पूरी तरह समुद्रों पर निर्भर**

स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत से शुरू हुआ यह सफर अब इन तीन नए युद्धपोतों के शामिल होने से और मजबूत हो गया है। महासागरों के रणनीतिक और आर्थिक महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार, डेटा कनेक्टिविटी, महत्वपूर्ण खनिज और ऊर्जा संसाधन पूरी तरह समुद्रों पर निर्भर हैं। बल्कि यह इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी जैसे उद्योगों से जुड़ा एक विशाल इकोसिस्टम तैयार करता है।

### 200 उद्यमियों ने दिया योगदान

*रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीनों जहाज पूरी तरह स्वदेशी डिजाइन और तकनीक पर आधारित हैं। इनमें 75 प्रतिशत से अधिक सामग्री भारतीय है और निर्माण में देशभर के 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों ने योगदान दिया है। आगे बताया गया कि यह न केवल नौसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ावा देगा बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई गति प्रदान करेगा।*

### 1 संशोधक: गहराई मापने में माहिर



आईएनएस संशोधक 'सर्वेक्षण पोत लार्ज' श्रेणी का अत्याधुनिक पोत है। इसका मुख्य कार्य समुद्र की गहराई, समुद्री तल की संरचना, नौवहन मार्गों और धाराओं का विस्तृत सर्वेक्षण करना है। रिमोट ऑपरेटेड वाहन और मल्टी-बीम इको साउंडर जैसी विश्वस्तरीय प्रणालियां लगी हैं।

### 2 अग्रे: तटीय सुरक्षा का बड़ा प्रहरी



अर्नाला श्रेणी का आईएनएस अग्रे एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट है। यह विशेष रूप से उथले तटीय जलक्षेत्रों, बंदरगाहों और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और उन्नत सोनार सिस्टम लगे हैं।

### 3 दूनागिरि: खतरनाक, ब्रह्मोस से लैस



प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित आईएनएस दूनागिरी नई पीढ़ी का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है। यह जहाज अपनी उन्नत स्टील्थ तकनीक के कारण रडार और अन्य सेंसरों से मुश्किल से पता चलता है। इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलें, मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, रडार, उन्नत सोनार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली समेत अत्याधुनिक हथियार लगे हैं।

अपनी ही पार्टी के 100 से अधिक सांसद हुए बागी

## ब्रिटेन में सियासी भूचाल

# प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर कर सकते हैं इस्तीफे का ऐलान

एजेंसी, लंदन

ब्रिटेन की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने के संकेत मिल रहे हैं। पिछले कई महीनों से राजनीतिक संकट से जूझ रहे ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा अब बेहद गहरा गया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम कीर स्टार्मर आज यानी सोमवार को अपने पद से इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। संभावना जताई जा रही है कि वे देश के सामने पद छोड़ने की पूरी समय-सीमा (टाइमलाइन) भी रख सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया है कि स्टार्मर अपने पद से हट सकते हैं। हालांकि, डाउनिंग स्ट्रीट के आधिकारिक सूत्रों ने इन दावों को सिरे से खारिज किया है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री का पूरा ध्यान इस समय केवल देश चलाने और अपने कामकाज पर केंद्रित है। पीएम स्टार्मर के खिलाफ यह संकट शुक्रवार को उस समय और गंभीर हो गया, जब उनके धुर विरोधी नेता एंडी बर्नहैम ने संसद का चुनाव जीत लिया।

**अपनी ही पार्टी के सांसदों ने चुनौती, मुश्किलें बढ़ी**

इस रणनीतिक जीत के बाद बर्नहैम को अब स्टार्मर के खिलाफ सीधे तौर पर लीडरशिप की चुनौती पेश करने का मजबूत मौका मिल गया है। स्टार्मर के लिए सबसे बड़ी चुनौती खुद उनकी अपनी पार्टी के भीतर से आ रही है। ब्रिटिश संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) में लेबर पार्टी के करीब एक-चौथाई सांसद, यानी 100 से ज्यादा निर्वाचित जनप्रतिनिधि उनके खिलाफ खुलकर सामने आ चुके हैं।

## स्विट्जरलैंड में यूएस-ईरान वार्ता में प्रगति, ट्रंप प्रशासन 'झुका'

पश्चिम एशिया में स्थायी शांति का प्रयास कर रहा ट्रंप प्रशासन

# जेडी वेंस बोले- अब साथ मिलकर शांति के साथ ही समृद्धि का दिख रहा है भविष्य

एजेंसी ⏭ लूसर्न

स्विट्जरलैंड के लूसर्न में अमेरिका और ईरान के बीच हुई शांति वार्ता के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में पिछले कुछ दिनों के दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में दोनों पक्ष मिलकर क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम कर सकते हैं।

वार्ता के बाद मीडिया से बात करते हुए जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में प्रशासन पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान कई मुद्दों पर सकारात्मक प्रगति देखने को मिली है और इससे


एआई इमेज

दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावना बढ़ी है। यह बैठक अमेरिका और ईरान के बीच एक सप्ताह पहले हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद पहली औपचारिक वार्ता थी।

इस समझौते का उद्देश्य क्षेत्रीय तनाव कम करना, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से सामान्य संचालन के लिए खोलना और व्यापक सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर बातचीत को आगे बढ़ाना है। जेडी वेंस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन पूरे क्षेत्र में व्यापक युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से लेबनान में लागू संघर्षविराम का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों में इसे बनाए रखने की दिशा में अच्छी प्रगति हुई है।

हालांकि उन्होंने माना कि ऐसे समझौतों को लागू करना हमेशा आसान नहीं होता और इसमें कई तरह की चुनौतियां आती हैं। वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी वार्ताकारों को कूटनीतिक समाधान तलाशने के लिए पूरा समर्थन दिया है। उनका मानना है कि बातचीत और समझौते के जरिए क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे विवादों का समाधान निकाला जा सकता है।

**होर्मुज खुला और ईरान का 'परमाणु खत्म'**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह सबसे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें और उनकी टीम को उन कई महत्वपूर्ण मुद्दों का कूटनीतिक समाधान खोजने का अधिकार दिया है, जो सिर्फ अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए अहम हैं। वेंस ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्य पहले ही हासिल किए जा चुके हैं। अब सवाल यह है कि अमेरिका और ईरान मिलकर आगे और क्या हासिल कर सकते हैं।

## ग्रुप ई : क्यूरासाओ ने इक्वाडोर को बराबरी पर रोका

# एलोय बने दीवार, इक्वाडोर के 15 हमले किए नाकाम, हासिल किया पहला अंक

एजेंसी ▶▶| कनसास सिटी

*क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के लगातार हमलों का डटकर सामना करते हुए 15 बचाव किए, जिससे विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे सबसे छोटे देश ने ग्रुप ई का यह मैच गोलरहित बराबरी पर रोककर अपना पहला अंक हासिल किया। इस परिणाम से जर्मनी को ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका मिल गया। जर्मनी ने इससे पहले आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराया था। 37 वर्षीय रूम ने पिछले साल नवंबर में जमैका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके क्यूरासाओ को पहली बार विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने जर्मनी से 7-1 की हार के बाद शानदार वापसी की और विश्व कप इतिहास में किसी गोलकीपर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में अपना नाम लिखाया।*



### एलोय ने बनाया वर्ल्ड कप रिकॉर्ड

क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के खिलाफ गोलरहित बराबरी पर छूटे मैच में 15 बचाव करके विश्व कप फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया। विश्व कप में सर्वाधिक बचाव करने की आंकड़े 1966 से ही रखे जाने लगे थे और रूम 15 बचाव करके इस सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। रिकॉर्ड 16 बचाव करने का है जो एक जुलाई, 2014 को अमेरिका के टिम हॉवर्ड ने बेल्जियम के खिलाफ बनाया था। हॉवर्ड ने हालांकि 120 मिनट तक चले मैच में यह रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से रूम ने 90 मिनट के निर्धारित समय में सर्वाधिक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रूम ने कहा, 'यह एक अविस्मरणीय अनुभव है। जब आप ऐसा करते हैं तो आप इसके बारे में नहीं सोचते, लेकिन निश्चित रूप से यह एक ऐसा पल है, जिसे मैं ताउम्र याद रखूंगा। मेरे लिए एक गोलकीपर के रूप में यह लगभग परफेक्ट मैच है।'

■ ब्रोबे और गाकपो ने दागे दो-दो गोल

## ग्रुप एफ : नीदरलैंड की स्वीडन पर बड़ी जीत

**ह्यूस्टन।** ब्रायन ब्रोबे और कोडी गाकपो ने दो-दो गोल करके नीदरलैंड को स्वीडन के खिलाफ 5-1 से बड़ी जीत दिलाकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंचा दिया। ब्रोबे ने पांचवें और 17वें मिनट में गोल करके नीदरलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। गाकपो ने दूसरे हाफ के शुरू में 47वें और 54वें मिनट में गोल किए। उसकी तरफ से पांचवां गोल क्रिसेनसियो समरविले ने 89वें मिनट में किया। स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल एंथनी एलंगा ने 59वें मिनट में किया। नीदरलैंड ने अपना पहला मैच जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की जरूरत थी। स्वीडन अपने पहले मैच में ट्यूनीशिया को 5-1 से हराने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सका। नीदरलैंड से मिली यह हार 1950 में ब्राजील से 7-1 से मिली हार के बाद विश्व कप में उसकी सबसे बड़ी हार थी। इस जीत के साथ नीदरलैंड चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। स्वीडन के तीन अंक हैं।



## आखिरी मिनटों में उंदाव ने दागे गोल जर्मनी ने छीनी आइवरी कोस्ट से जीत

**टोरंटो।** डेनिज उंदाव ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरने के बाद दो गोल किए, जिससे जर्मनी ने लगभग 40 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप ई के इस मैच में उंदाव ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में दूसरा और निर्णायक गोल किया। उन्हें गोलपोस्ट के सामने फेलिक्स नमेचा से एक पास मिला और उन्होंने आइवरी कोस्ट के गोलकीपर याहिया फोफाना को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। उंदाव ने इससे पहले मैच का पहला गोल 68वें मिनट में किया। तब नादिएम अमीरी ने एक लंबा पास दिया, जिसे स्ट्राइकर काई हावर्ट्ज ने उंदाव के पास जाने दिया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। अमीरी और उंदाव दोनों आठ मिनट पहले ही मैदान में आए थे। इससे पहले आइवरी कोस्ट के कप्तान फ्रैंक केसी ने 30वें मिनट में गोल करके जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया था। जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप ई में शीर्ष पर काबिज है जबकि आइवरी कोस्ट के तीन अंक हैं।


ग्रुप ई : जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप में शीर्ष पर काबिज


## 'समुराई ब्लू' ने विश्व कप में पहली बार दागे चार गोल

### ग्रुप-एफः जापान ने दी ट्यूनीशिया को करारी शिकस्त



**मोंटेरी।** अयासे उएदा के दो गोल की मदद से जापान ने फीफा विश्व कप के ग्रुप-एफ मुकाबले में ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी बार नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया। यह मुकाबला इसलिए भी खास था क्योंकि यह फीफा पुरुष विश्व कप का 1000वां मैच था। 'समुराई ब्लू' के नाम से मशहूर जापान की टीम ने विश्व कप इतिहास में पहली बार किसी मैच में चार गोल दागे। जापान ने इस एकतरफा मुकाबले में पूरे मैच के दौरान ट्यूनीशिया पर दबदबा बनाए रखा। ट्यूनीशिया इस विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने के बाद मुख्य कोच को हटाने वाली पहली टीम भी बनी। उएदा के अलावा दाइची कामादा और जुन्या इतो ने एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ जापान के चार अंक हो गए और वह अंक तालिका में नीदरलैंड के बराबर पहुंच गया।

## खबर संक्षेप



### डच लेडीज ओपनः दीक्षा ने की अपनी स्थिति मजबूत

**एमनेस।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने दूसरे राउंड में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद डच लेडीज ओपन में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दो बार की लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) विजेता दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर पार है। उन्होंने दूसरे दिन की शुरुआत दूसरे होल पर बोगी से की, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। उन्होंने पांच बर्डी (पांचवें, सातवें, 14वें, 16वें और 17वें होल पर) तथा दो बोगी (नौवें और 13वें होल पर) लगाईं। इस प्रदर्शन के साथ वह शीर्ष पर काबिज शार्लेट हीथ से तीन शॉट पीछे हैं। अवनि प्रशांत ने तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ ईवन पार 72 का कार्ड खेला और कुल तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### एशियाई युगल स्क्वाश में अभय-वेलवन की खिताबी हैट्रिक



**नई दिल्ली।** अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के सारावाक में एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार पुरुष युगल का खिताब जीतकर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा। भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए नासिर इकबाल और नूर जमां की पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराया। पिछले साल भी उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान की इस जोड़ी को हराया था।

ट्राई वनडे सीरीज

## इंडिया ए बनी चैंपियन, श्रीलंका को हराया, सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी

एजेंसी ▶▶| दाम्बुला

वैभव सूर्यवंशी ने लीग चरण की नाकामी को पीछे छोड़ते हुए 29 गेंदों में 94 रन की विस्फोटक पारी के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ए ने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका ए को 66 रन से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया।

वैभव ने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिस्ट ए क्रिकेट का नया रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने श्रीलंका के कौशल्य वीररत्ने का 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वीररत्ने ने 2005 में 12 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। भारत ए ने 9 विकेट पर 377 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद श्रीलंका की पारी को 47.1 ओवर में 311 रन पर समेट दिया। भारत ए के लिए यश ठाकुर (45 रन पर 3 विकेट), विपराज निगम (60 रन पर 3 विकेट) और अनुकूल रॉय (42 रन पर 2 विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की।

कप्तान तिलक वर्मा (11 रन पर 1 विकेट) और अशोक शर्मा (75 रन पर 1 विकेट) को भी एक-एक सफलता मिली।



### भारत की आक्रामक पारी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारत ए की टीम सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 400 रन के आंकड़े की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन मध्य ओवरों में श्रीलंका ए ने शानदार वापसी की। कप्तान तिलक वर्मा ने 90 गेंदों पर 67 रन की संयमित पारी खेलकर टीम को संभाला। वहीं, अनुकूल रॉय ने 15 गेंदों में 39 रन और विप्रज निगम ने 20 गेंदों में 27 रन बनाकर अंतिम ओवरों में तेजी से रन जुटाए, जिससे भारत ए का स्कोर 375 रन के पार पहुंच गया।

### श्रीलंका रही विफल

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ए को तेज शुरुआत और बड़ी साझेदारियों की जरूरत थी, लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज निरोशन डिकवेला (25), अविष्का फर्नांडो (तीन) और नुवानिडु फर्नांडो (21) पहले 10 ओवरों में ही 75 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गए। श्रीलंका की ओर से सदीरा समरविक्रमा (52) और कप्तान सहान अराच्चिगे (38) ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े, जबकि वानुज सहान (62) और विजयकांत वियास्कंथ (39) ने सातवें विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की।

## महिला टी20 विश्व कप : द. अफ्रीका से हारा भारत, मारिजाने ने खेली नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर



मारिजाने काप ने 45 गेंद में 81 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप एक के मैच में भारतीय टीम को पांच गेंद रहते 6 विकेट से हरा दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' काप ने इससे पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 7 चौके और 4 छक्के जमाए। स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक राधा यादव ने दो बार काप का कैच छोड़ा। इससे दक्षिण अफ्रीका ने जीत के लिए 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 161 रन बनाकर दूसरी जीत दर्ज की, जिससे टीम तालिका में चार अंक लेकर भारत (चार अंक) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर 3 विकेट झटके।

### 200 टी20 मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं हरमनप्रीत



**मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान महिला और पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। हरमनप्रीत ने मार्च 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे प्रारुप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और उसी साल जून में इंग्लैंड के खिलाफ टॉनटन में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

## कोहली-बुमराह की वापसी, यशस्वी टीम से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को फिटनेस मंजूरी मिलने की शर्त पर इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए रविवार को भारतीय टीम में चुना गया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए रविवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कोहली फिटनेस टेस्ट के लिए सोमवार को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में वापस बुलाया गया है। अक्षर पटेल ने भी वापसी की है।

### इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम का ऐलान



### इंग्लैंड के लिए वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### आयरलैंड के खिलाफ टी20 के लिए 'अपडेटिड' टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

## एफआईएच महिला नेशंस कप : टीम इंडिया ने दूसरी बार किया खिताब अपने नाम, प्रो लीग में बनाई जगह

# भारत की बेटियां बनीं चैंपियन, फाइनल में न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरी बार एफआईएच महिला नेशंस कप का खिताब अपने नाम करने के साथ ही अगले सत्र के लिए एफआईएच महिला प्रो लीग में भी जगह बना ली। नवनीत कौर ने चौथे मिनट में ही भारत को बढ़त को दिला दी जबकि सुनेलिता टोप्पो ने 15वें मिनट में दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए बढ़त को अंत तक बनाए रखा और खिताब अपने नाम किया।

### टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहीं दीपिका

फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया जबकि दीपिका टूर्नामेंट में छह गोल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर रहीं। उन्होंने अमेरिका की एश्ले सेसा के साथ यह उपलब्धि साझा की। यह भारत का दूसरा नेशंस कप खिताब है। इससे पहले टीम ने 2022 में शुरुआती सत्र का खिताब अपने नाम किया था। भारत पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहा। टीम ने पूल चरण में अमेरिका को 3-2, जापान को 2-1 और उरुग्वे को 3-2 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से एकतरफा मुकाबले में मात दी। टीम के शानदार प्रदर्शन को सम्मान देने के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

### लालरेमसियामी चुनी गईं 'प्लेयर ऑफ द मैच'




### भारतीय रक्षापंक्ति तीसरे क्वार्टर में रही मजबूत

भारतीय रक्षापंक्ति तीसरे क्वार्टर में बेहद मजबूत रही और मेजबान टीम को कोई आसान मौका नहीं दिया। चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव किया। भारतीय रक्षापंक्ति ने इसके बाद शानदार तालमेल दिखाते हुए न्यूजीलैंड को गोल करने से दूर रखा। टीम ने 2-0 की बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

### नवनीत कौर ने चौथे मिनट में दिलाई बढ़त

खिताबी मुकाबले में शुरुआत में न्यूजीलैंड ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन भारत पहले ही मौके को भुनाने में सफल रहा। नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को चौथे मिनट में गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने तेज जवाबी हमले से न्यूजीलैंड की रक्षा पंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। इसके बाद भारत के पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर सुनेलिता ने दीपिका के शॉट को डिफ्लेक्ट कर 15वें मिनट में दूसरा गोल दागा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अनुशासित खेल दिखाया लेकिन न्यूजीलैंड ने वापसी की कोशिश जारी रखी।




# मुकेश के गीतों ने छेड़े यादों के तार, तालियों से गूंजा सभागृह

## मुकेश के अमर गीतों से सजी रवींद्र भवन की संगीतमयी शाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व संगीत दिवस के अवसर पर रविवार शाम रवींद्र भवन का अंजनी सभागृह में मुकेश की याद में संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। मुकेश के गीतों से सजी इस संध्या ने श्रोताओं को स्वर्णिम संगीत युग की यादों में डुबो दिया। अनुभूति मेलोडी फॉरएवर द्वारा आयोजित इस म्यूजिकल ईव में महान पार्श्वगायक मुकेश के अमर गीतों को प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### मुकेश के सदाबहार गीतों ने श्रोताओं को किया भावविभोर

मंच पर कलाकारों ने जैसे ही मुकेश के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी, सम्पूर्ण वातावरण सुरमय हो उठा। जाने कहां गए वो दिन, कहीं दूर जब दिन ढल जाए, एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल, जीना यहां मरना यहां और एक प्यार का नगमा है... जैसे सदाबहार गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।



रवींद्र भवन के सभागार में मुकेश के दर्द भरे नगमों की प्रस्तुति देते गायक।

### इन्होंने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में प्रदीप, जॉयस, वेणु, मोहन, विशाल, प्रज्ञा, गायत्री, कुहू एवं अस्मि ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कलाकारों ने मुकेश के गीतों की आत्मा को बनाए रखते हुए उन्हें अपने अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। संगीत संयोजक केदार सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत ऑर्केस्ट्रा ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की।



शिक्षा, बाल कल्याण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों में योगदान देती हैं हर्षिता

रुठियाई की रहने वाली हैं हर्षिता

# मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी गुना जिले की हर्षिता साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व की प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता मिस यूनिवर्स के लिए आयोजित आधिकारिक राज्य स्तरीय ऑडिशन में गुना जिले के रुठियाई की हर्षिता साहू ने मिस यूनिवर्स मध्यप्रदेश 2026 का खिताब अपने नाम किया है। इस जीत के साथ उन्हें मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में सीधे फाइनलिस्ट के रूप में प्रवेश मिला है, जहां वे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दिल्ली में आयोजित फाइनल ऑडिशन में प्रदेशभर की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 माणिका विश्वकर्मा और डायरेक्टर अमजद खान शामिल रहे।

### डेटा एनालिस्ट के रूप में कार्यरत हैं हर्षिता

23 वर्षीय हर्षिता साहू कंप्यूटर साइंस स्नातक हैं और वर्तमान में डॉयचे बैंक में डेटा एनालिस्ट के रूप में कार्यरत हैं। सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हर्षिता विभिन्न संस्थाओं के साथ शिक्षा, बाल कल्याण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों में योगदान देती रही हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया-25 मणिका विश्वकर्मा ने कहा मप्र अद्भुत है यहां के प्रतिभागियों में गजब का टैलेंट है। यहां की विजेता अब राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंच पर राज्य को रिप्रेजेंट करेंगी।

## जनजातीय संग्रहालय में सजी विश्व संगीत दिवस की यादगार शाम

# सुर, साधना और संस्कृति का अद्भुत संगम बनी 'कला-साधना'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व योग एवं संगीत दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग ने प्रदेश के 14 स्थानों पर कला और संस्कृति के विविध रंग बिखेरे। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में आयोजित संगीत संध्या 'कला-साधना', आध्यात्मिकता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अनुपम उत्सव बन गई। शाम का आगाज़ भरतनाट्यम की मोहक प्रस्तुतियों से हुआ। पुणे की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना स्मिता महाजन ने अपनी शिष्याओं के साथ मंच पर ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि दर्शक भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा में डूब गए।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देती नृत्यांगनाएं।

### 'विनायका स्तुति' से गणपति वंदना

'विनायका स्तुति' में गणपति वंदना के साथ शुरू हुई प्रस्तुति ने मंगलमय वातावरण का निर्माण किया। इसके बाद 'मल्लारी' की लयबद्ध गतियों ने मंदिर परंपराओं की झलक प्रस्तुत की, जबकि 'देवी कौतुकम्' में सरस्वती, लक्ष्मी और अम्बा के विविध स्वरूपों का कलात्मक चित्रण दर्शकों को मंत्रमुग्ध करता रहा। कार्यक्रम का समापन 'तिल्लाना' से हुआ, जिसमें राग देश की सुरलहरियों के साथ राष्ट्रभक्ति और ऊर्जा का सुंदर समन्वय दिखाई दिया।



### 'मोहन की राधा' से हुआ प्रस्तुति का समापन

कार्यक्रम का भावपूर्ण समापन प्रदक्षिणा भट्ट ने अपने दादा एवं गुरु पंडित सज्जनलाल ब्रह्मभट्ट द्वारा रचित भजन 'मोहन की राधा' से किया। इस प्रस्तुति में भक्ति, परंपरा और गुरु-श्रद्धा का सुंदर समागम देखने को मिला। हारमोनियम पर चैतन्य भट्ट और तबले पर युवा कलाकार तल्लीन त्रिवेदी की संगत ने संगीत संध्या को और भी प्रभावशाली बना दिया।

### मंच पर बही शास्त्रीय गायन की सुरधारा

भरतनाट्यम की इस मनोहारी यात्रा के बाद मंच पर शास्त्रीय गायन की सुरधारा बही। भोपाल की युवा और प्रतिभाशाली गायिका प्रदक्षिणा भट्ट ने राग यमन कल्याण से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। बड़े ख्याल 'मेरा मन बाँध लीनो रे' और छोटे ख्याल 'रंग दे रंग रेजवा' की प्रस्तुति ने श्रोताओं को रागदारी संगीत की गहराइयों से परिचित कराया।

## वनबंधु परिषद महिला समिति की विशेष बैठक सम्पन्न



**भोपाल।** वनबंधु परिषद महिला समिति की विशेष बैठक का आयोजन मिंटो हॉल में किया गया। बैठक में समिति की लगभग 30 महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

## राम मंदिर में 40 दिनी रंगकुटी कार्यशाला का समापन




**भोपाल ।** टीटी नगर राम मंदिर में विगत चालीस दिनों से चल रही अभिनय आधारित कार्यशाला में लगभग चालीस नवांगतुंक रंग कर्मियों ने हिस्सा लिया। अविराम जनकल्याण संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में अभिनय के अलावा मार्शल आर्ट, मंच सामग्री, मंच निर्माण, मेकअप और कॉस्ट्यूम पर भी विशेषज्ञों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया गया।

## खबर संक्षेप

### राजू राव का रूह से रूह तक गजल एल्बम हुआ रिलीज

**भोपाल।** राजधानी निवासी व बॉलीवुड के जाने-माने गायक एवं संगीतकार, राजू राव ने योग दिवस पर अपना नया गजल एल्बम रूह से रूह तक रिलीज किया। एल्बम की चार गजलों में से दो शायर मिर्ज़ा ग़ालिब की कालजयी रचनाओं पर आधारित हैं, जबकि अन्य दो गजलें शायर लक्ष्मीनारायण पयोधि एवं आदित्य नारायण शर्मा द्वारा लिखी गई हैं। संगीत निर्देशन राजू राव एवं प्रमिला राव ने संयुक्त रूप से किया है।

### लेखक राजकुमार बरुआ 'संवाद भारती सम्मान 2026' से सम्मानित



**भोपाल।** लघुकथा दिवस पर लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा हिंदी भवन में 'अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध गोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में शहर के लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार राजकुमार बरुआ को उनके हिंदी भाषा और साहित्य की सेवा में योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'संवाद भारती सम्मान 2026' से विभूषित किया गया।



'मेडिटेशन थ्रू म्यूजिक' का आयोजन

# विश्व संगीत एवं योग दिवस पर 'नादयोग' की सुरमयी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व संगीत एवं योग दिवस पर त्रिलंगा बाबड़िया की टेकरी पर 'नादयोग : मेडिटेशन थ्रू म्यूजिक' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्मिता नागदेव एवं उनकी शिष्याओं ने शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ राग भटियार में भजन राम का गुणगान करिये... से हुआ, जिसे खुशी विजयवर्गीय और स्मिता नागदेव ने प्रस्तुत किया। इसके बाद राग भैरव में जागो मोहन प्यारे.... सहित अन्य रचनाओं की प्रस्तुति डॉ. प्रभा देसिकन, रेनू नायक, उर्वी कुलकर्णी ने दी। समापन पर स्मिता ने राग भैरवी में धुन प्रस्तुत कर अपने पिता एवं देश के सुप्रसिद्ध चित्रकार स्व. सचिदा नागदेव को श्रद्धापूर्वक समर्पित किया।

# जनजातीय संग्रहालय में संभावना के तहत भगोरिया व कानड़ा नृत्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में रविवार को कृष्णा मालीवाड़ एवं साथी, माण्डू द्वारा भील जनजातीय भगोरिया नृत्य एवं घूमन प्रसाद पटेल एवं साथी, दमोह द्वारा कानड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भगोरिया नृत्य प्रदेश के झाबुआ और अलीराजपुर क्षेत्र में निवास करने वाली भील जनजाति द्वारा भगोरिया हाट में होली तथा अन्य अवसरों पर किया जाता है। जबकि बुन्देलखण्ड के कानड़ा नृत्य में नर्तक-गायक हाथ में रेकड़ी वाद्य लेकर पारम्परिक गीतों का गायन करते



भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति देते लोक कलाकार।



# रानी दुर्गावती विवि से विजयदत्त श्रीधर को डीलिट उपाधि से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को संजोने और उसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने की एकनिष्ठ साधना में संलग्न देश के वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा डीलिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा की गई इस पहल की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। श्री श्रीधर को डी.लिट. की मानद उपाधि के लिए चुना जाना वस्तुतः उनकी चार दशक से अधिक की सतत साधना का सम्मान है। उल्लेखनीय है कि श्री श्रीधर को माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान की स्थापना तथा पत्रकारिता इतिहास के प्रामाणिक शोध एवं प्रलेखन के लिए वर्ष 2012 में राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने पद्मश्री अलंकरण से विभूषित किया था। शिक्षा एवं शोध में असाधारण योगदान के लिए संस्कृति विभाग, म ने महर्षि वेदव्यास राष्ट्रीय सम्मान (2012-13) से सम्मानित किया। छग सरकार ने माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान (2015) प्रदान किया।

### कृतित्व पर हो चुकी हैं दो पीएचडी

श्रीधर के कृतित्व पर दो पीएच.डी. हो चुकी हैं। डॉ. सुनीता सिंह के शोध प्रबंध 'मप्र की स्वतंत्र्योत्तर हिन्दी पत्रकारिता : विजयदत्त श्रीधर के विशेष संदर्भ में' पर बीयू, भोपाल ने पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की है। डॉ. चन्द्रमणि के शोध प्रबंध 'विजयदत्त श्रीधर की पत्रकारिता में इतिहास बोध' पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा ने पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की है। श्रीधर के निर्देशन में डॉ. अंजली कुमार के शोध प्रबंध 'स्वतंत्र भारत में हिन्दी सम्पादकों की बदलती भूमिकाओं का अध्ययन' पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल ने पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की है।

21 राज्यों के 41 उद्घोषकों के अनुभवों पर आधारित 'अनाउंसर्स डायरी'

# विमोचन संग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी मानव संग्रहालय की संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकाशवाणी की 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित एक विशेष पहल के रूप में शनिवार को मानव संग्रहालय में 'अनाउंसर्स डायरी' पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्तक देशभर के उद्घोषकों के अनुभवों, संघर्षों और प्रसारण जगत की अनमोल स्मृतियों को एक मंच पर लाने का प्रयास है।पुस्तक के प्रधान संपादक पुरुषोत्तम श्रीवास ने कहा कि अनाउंसर्स डायरी केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि कागज पर उकेरा गया संग्रहालय और आवाज की दुनिया में कदम रखने वाले युवाओं के लिए एक विद्यालय है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में देश के 21 राज्यों के 41 उद्घोषकों के अनुभवों पर आधारित आलेख शामिल किए गए हैं, जो प्रसारण कला की समृद्ध परंपरा का दस्तावेज हैं।



### कोंकणी गीतों और वायलिन वादन से सजी संध्या

समारोह केवल पुस्तक विमोचन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सांस्कृतिक रंगों से भी सराबोर रहा। गोवा से आईं डॉ. शकुंतला भारणे ने कोंकणी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं भोपाल के युवा वायलिन वादक ऋषभ मलिक के मधुर वादन ने कार्यक्रम में सुरों का विशेष आकर्षण जोड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्घोषक-लेखकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने आकाशवाणी की समृद्ध परंपरा, उद्घोषकों की भूमिका और आवाज की दुनिया के प्रति समर्पण को एक नई अभिव्यक्ति प्रदान की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930